जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, मंगलवार 30 जनवरी, 2024



## विचार बिन्दु

**इतिहास के तजुर्बों से हम सबक नहीं लेते, इसीलिए इतिहास अपने आप को दोहराता है। –विनोबा**

# गणतंत्र में गण, गौण

नीतीश कुमार ने एक बार पुनः महागठबंधन से नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़कर सरकार बनाई और नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले साल 2000 में वे मुख्यमंत्री बने थे किंतु बहुमत सिद्ध न कर पाने के कारण उन्हें 7 दिन में ही इस्तीफा देना पड़ा था।2005 से 2013 तक भाजपा के साथ मिलकर नीतीश कुमार ने सरकार बनाई और मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहे। 2014 में जब प्रधान नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बीजेपी द्वारा बनाया गया तो उन्होंने एन.डी. से नाता तोड़कर दिया और मांजी को मुख्यमंत्री बनवाया। 2015 में मांझी को हटाकर खुद गठबंधन के माध्यम से मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हो गए। इसके बाद, चुनाव में महागठबंधन को बहुमत मिला और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने। 2017 में इन्होंने फिर राष्ट्रीय जनता दल से नाता तोड़ लिया और एनडीए में लौटकर सरकार बनाई एवं मुख्यमंत्री बने। 2020 का चुनाव भी उन्होंने एनडीए के साथ ही लड़ा और बहुमत प्राप्त किया ,किंतु 2022 में फिर एनडीए से अलग हुए और महागठबंधन से जुड़ कर मुख्यमंत्री बने। अब, 28 जनवरी को एक बार फिर महा गठबंधन को छोड़कर एनडीए के साथ चले गए। नीतिश कुमार ने प्रातः काल इस्तीफा दिया और शाम को पुनः मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। मुख्यमंत्री पद पर उनकी यह नौवीं बार शपथ थी।

विडंबना यह है कि निर्वाचित प्रतिनिधि द्वारा अपना दल बदल करने से रोकने के लिए तो दल बदल विरोधी कानून लागू हो जाता है, किंतु पूरा दल ही यदि किसी एक विचारधारा के संगठन के स्थान पर दूसरे के साथ गठबंधन कर लें तो उसके लिए कोई कानून नहीं है। उस दल की न तो मान्यता समाप्त होती है एवं न ही उसके सदस्यों की सदस्यता समाप्त होती है। नीतीश कुमार कुछ दिन पूर्व ही जनता दल (यू) के अध्यक्ष पद पर आसीन हुए थे एवं इस कारण उनके पास इस दल के बारे में निर्णय करने की शक्तियां भी प्राप्त हो गई थीं।

संसद और विधानसभाओं में चुने हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा दल बदल की घटनाएँ बहुत बढ़ने लगीं तो उन पर नियंत्रण करने के लिए दल बदल कानून बनाया गया। जब यह भी दल बदल को रोकने में अधिक प्रभावी नहीं हुआ तो यह शर्त लगाई गई कि किसी भी दल के निर्वाचित विधायकों या सांसदों में से न्यूनतम दो तिहाई दल बदल करें तब ही उनकी सदस्यता बची रहेगी अन्यथा उनकी सदस्यता समाप्त हो जाएगी।

नीतीश कुमार ने जो किया है उसे रोकने का कोई कानून नहीं है। जिस विचारधारा से सहमत होते हुए मतदाता ने जनता दल (यू) को जिताया था,यदि वही अगले चुनाव से पूर्व किसी और के साथ गठबंधन कर ले तो, इसे मतदाताओं के साथ एक प्रकार से धोखा ही कहा जा सकता है। हद तो तब हो गई, जब 2005 के बाद तीन बार नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस से समझौता किया और तीन बार उसे तोड़ा तथा भारतीय जनता पार्टी और एन डी ए के साथ समझौता किया। यही पता नहीं लग रहा है कि नीतीश कुमार चाहते क्या हैं? शायद यही कि वे किसी न किसी प्रकार मुख्यमंत्री के पद पर बने रहें। क्या किसी व्यक्ति की महत्वाकांक्षा इतनी अधिक हो सकती है कि वह सारे सिद्धांतों को तिलांजलि देकर हर दो–तीन वर्षों में अपनी प्रतिबद्धता को बदलता रहे?

नीतीश कुमार जब प्रारंभ में सत्ता में आए थे तो उनके काम के कारण उनकी पहचान 'सुशासन बाबू' के रूप में बनी थी। पहली बार यह लगा कि बिहार में लालू यादव के समय का जंगल राज समाप्त होने को है। उन्होंने पूरी निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ शहाबुद्दीन जैसे कई बाहुबलियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की और उन्हें जेल भिजवाया। जो ख्याति नीतीश कुमार ने अच्छा काम करके प्रारंभिक नौ वर्षों (2005 से 2013) में अर्जित की और बिहार को राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रगति शील राज्य के रूप में स्थापित किया, वह हाल के कुछ सालों में धूल धुसरित हो गई है। हाल ही में महागठबंधन से नाता तोड़कर एनडीए के साथ मिलकर सरकार बनाने का निर्णय तो अविश्वसनीय ही कहा जा सकता है।

जब 2013 में नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ गठबंधन को तोड़ा था तब से, वे निरंतर नरेंद्र मोदी और भाजपा की आलोचना करने से नहीं थकते थे। 2016 में उन्होंने फिर एन डी ए के साथ गठबंधन किया और लालू यादव एवं उनके नेताओं को जी भर के कोसना प्रारंभ कर दिया। 2019 में लोक सभा का चुनाव एन डी ए के साथ लड़ा और 40 में से 39 सीटों पर विजय प्राप्त की। 2020 के विधानसभा चुनाव में वे भाजपा के साथ आए और सत्ता प्राप्त की। 2022 में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के साथ महागठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बने रहे। हाल ही में फिर 2024 में बीजेपी के साथ आ गए और गठबंधन को छोड़ दिया।

> **यह देश का दुर्भाग्य ही है कि इस प्रकार की प्रवृत्ति को बढ़ाने वाले लोग मतदाताओं के समर्थन से सत्ता प्राप्त कर लेते हैं। यदि इस प्रवृत्ति को समाप्त करना है तो इसका दायित्व अब साधारण मतदाता को अपने हाथ में लेना होगा और सबक सिखाना होगा ऐसा नेताओं को, जो उनके साथ समय-समय पर विश्वास घात करते हुए पाला बदलने में कोई संकोच नहीं करते हैं।**

जो प्रयास विपक्ष दलों की एकता का 'इंडिया' गठबंधन बनाकर किया जा रहा था उसमें प्रमुख भूमिका नीतीश कुमार की ही थी। उनके इस आचरण से यह तो स्पष्ट ही हो गया है कि राजनीति में शुचिता और नैतिकता का कोई स्थान शेष नहीं है। यहां सर्वोपरि है, स्वयं का सत्ता में बने रहना। दलों के अंदर तो व्यक्तियों का संघर्ष देखा गया है किंतु पूरे के पूरे दल द्वारा किसी का साथ छोड़कर दूसरे के साथ मिलने की जो कार्रवाई अभी की है, वैसा उदाहरण बहुत नहीं देखने को मिलता है। कैसे किसी की अंतरात्मा गवाही दे सकती है कि कल तक जिसको कोस रहे हों, और विभिन्न प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हों, आज उन्हीं के साथ मंच साझा करके चुनाव प्रचार करें और जिनके साथ अब तक सरकार चला रहे थे, उन्हीं को बड़ा बुरा कहना प्रारंभ कर दें।

संयोग से नीतीश कुमार द्वारा भाजपा के साथ गठबंधन करने का काम भी तभी किया गया जब 2 दिन पूर्व ही 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया गया था। गणतंत्र दिवस मनाया ही इसलिए जाता है कि इस दिन भारत एक गणतंत्र के रूप में स्थापित हुआ था। गणतंत्र का अर्थ ही यह है कि जनसाधारण की सत्ता सर्वोच्च है।

आजकल जो जनप्रतिनिधि कर रहे हैं, उसमें जनसाधारण की भूमिका केवल पांच साल में एक बार वोट देने तक सीमित हो गई। जो लोग चुने जाते हैं, वे सिद्धांतो को ताक में रखकर अवसरवादिता की पराकाष्ठा करते हुए पाला बदलते रहते हैं। ऐसा करके हम गणतंत्र की धारणा को ही नकारने की बात कर रहे हैं।

समय आ गया है, जब ऐसा कोई कानून बनाया जाए जिसमें एक बार कोई दल किसी दल/गठबंधन के साथ मिलकर सरकार बनाए और यदि वह अगले चुनाव से पूर्व ही किसी अन्य दल के साथ मिल जाय तो उसकी मान्यता निलंबित रहे अथवा उस दल के सभी निर्वाचित सदस्यों की सदस्यता समाप्त हो जाए। ऐसा करने पर ही गिरगिट की तरह रंग बदलने की प्रथा पर अंकुश लगाया जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो नेतागण गिरगिट की तरह रंग बदलते ही रहेंगे यानि पाला बदलते रहेंगे।

ऐसी संभावना है कि लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार न इधर के रहेंगे ना उधर के और भारतीय जनता पार्टी उन्हें हाशिये पर धकेल देगी। इस प्रकार के नेताओं को सबक सिखाने का काम केवल जनता ही कर सकती है। अब उसे यह अधिकार काम में लेना ही चाहिए।

नीतीश कुमार की बार–बार पाला बदलने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने में भारतीय जनता पार्टी एवं उनके नेताओं ने भी पूरा सहयोग किया है और उसका भी उद्देश्य सत्ता में बने रहना है। जो नीतिश कुमार, मोदी समेत, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को सार्वजनिक मंच से कोष रहे थे, अब उन्हीं से समझौता करके अपने साथ पास में मंच पर बिठाकर कैसा अनुभव भाजपा के नेताओं को होता होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। लगता है, राजनीति में अब किसी भी प्रकार की सिद्धांत की बात करना बेमानी हो गया है।

यह देश का दुर्भाग्य ही है कि इस प्रकार की प्रवृत्ति को बढ़ाने वाले लोग मतदाताओं के समर्थन से सत्ता प्राप्त कर लेते हैं। यदि इस प्रवृत्ति को समाप्त करना है तो इसका दायित्व अब साधारण मतदाता को अपने हाथ में लेना होगा और सबक सिखाना होगा ऐसा नेताओं को, जो उनके साथ समय–समय पर विश्वास घात करते हुए पाला बदलने में कोई संकोच नहीं करते हैं।

पाठकों को शायद पता हो कि गणतंत्र का शाब्दिक अर्थ है ऐसा राष्ट्र, जिसकी सत्ता जनसाधारण में समाहित है।

नीतीश कुमार ने एक बार फिर पाला बदलते हुए भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन करते हुए नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ग्रहण की। इससे पूर्व तीन बार नीतिश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन कर चुके हैं और तीन बार भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन कर चुके थे। नीतीश कुमार के बार–बार गठबंधन को बदलने से उनकी छवि को निश्चित रूप से धक्का लगा है। वह इंडिया ब्लॉक या विपक्षी दलों के गठबंधन के संयोजक के रूप में भूमिका निभा रहे थे और रातों रात उन्होंने एन डी ए से समझौता कर लिया। देश में ऐसा कोई भी नेता शायद नहीं होगा जिसने 9 बार किसी राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली होगी। ऐसा भी कोई व्यक्ति नहीं होगा जिसने जिस दल के साथ गठबंधन किया उसे तीन बार तोड़ कर पुनः उसके साथ समझौता किया हो। नीतीश कुमार का यह कृत्य देश की राजनीति में काले अध्याय के रूप में ही देखा जाएगा।

आशा की जानी चाहिए कि बार बार पाला बदलने की यह अंतिम घटना हो। आगामी चुनावों में नीतीश कुमार को बुरी तरह परास्त करके ही यह संदेश दिया जा सकता है कि गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले नेताओं को पसंद नहीं किया जाता। फ़िलहाल तो हम यही कह सकते हैं कि नीतीश कुमार को तेजी से रंग बदलते देखकर तो गिरगिट को भी शर्म आ जाए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# हमारी परीक्षा प्रणाली – दशा और दिशा



**प्रो. अशोक कुमार**

भारत में लगभग 1,100 से अधिक विश्वविद्यालय, 50,000 संबद्ध कॉलेज और 60 स्कूल बोर्ड हैं। उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 40.15 मिलियन छात्र हैं।(एआईएसएचई रिपोर्ट 2020–21) नियोक्ता उम्मीदवारों की शैक्षणिक उपलब्धियों और रोजगार के लिए उपयुक्तता का कठोर मूल्यांकन करते हैं।

परीक्षाएँ छात्रों की सीखने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे न केवल विषय के ज्ञान और समझ का परीक्षण करते हैं बल्कि छात्रों को उनकी ताकत और कमजोरियों की पहचान करने में भी मदद करते हैं। परीक्षा के माध्यम से, छात्र अवधारणाओं को अधिक गहराई से समझ सकते हैं और विषय वस्तु की बेहतर समझ प्राप्त कर सकते हैं।

वर्तमान परीक्षा प्रणाली बहुत ही दोषपूर्ण है क्योंकि अब परीक्षा का उद्देश्य ज्ञानार्जन नहीं बल्कि प्रमाण पत्र प्राप्त करना रह गया है! यह मुख्य रूप से जीविका चलाने और नौकरी पाने का एक साधन हो गई है सम्पूर्ण ज्ञान की परीक्षा नहीं होती है स्मरण शक्ति पर एकमात्र बल दिया जाता है !

क्या छात्रों को अगली कक्षा या सेमेस्टर में प्रमोट करने और उनके ज्ञान का आकलन करने के लिए परीक्षा आयोजित करना पवित्र है? क्या छात्रों को अन्य प्रणाली या माध्यम से प्रमोट और मूल्यांकन नहीं किया जा सकता?

परीक्षा के नाम पर न जाने कितने शैक्षिणक दिन बर्बाद कर दिये जाते हैं। दोनों पक्षों की बहुत सारी ऊर्जा छात्रों द्वारा पेपर लिखने और शिक्षकों द्वारा उनकी जाँच और मूल्यांकन करने में खर्च होती है, जो या तो शिक्षकों द्वारा सिखाई गई एक ही चीज़ होती है या इंटरनेट से चुराई गई होती है। दोनों ही मामलों में, छात्रों द्वारा दिए गए उत्तर उनके अपने नहीं, किसी और के हैं, तो शिक्षक किसका मूल्यांकन कर रहे हैं? परीक्षाओं का आधार क्या है? आज परीक्षा में नकल एक वैश्विक समस्या है। और इसमें कोई बाधा नहीं है क्योंकि विश्वविद्यालयों के साथ हित उलझे हुए हैं।

परीक्षा प्रणाली अब पुरानी और जर्जर हो चुकी है। कुछ नया होना चाहिए और सरकार तथा विश्वविद्यालयों द्वारा अधिक समग्र तरीके अपनाए जाने चाहिए।

वर्तमान परीक्षा प्रणाली में कई खामियां हैं, जो छात्रों की शिक्षा और कौशल के वास्तविक मूल्यांकन में बाधा डालती हैं। परीक्षा प्रणाली के अत्यधिक औपचारिकीकरण के परिणामस्वरूप विनाश हुआ है। प्रश्न पैटर्न, अवधि, मूल्यांकन के मामले में एकरूपता को लेकर अत्यधिक जुनून बीते दिनों के अवशेष हैं। सभी विषय अपनी प्रकृति में भिन्न हैं और मूल्यांकन के लिए अलग–अलग मानदंडों की आवश्यकता होती है। लेकिन हमारा सिस्टम सभी के लिए एक ही आकार में विश्वास रखता है। यह हास्यास्पद है!

परीक्षाओं को नियमित और निरंतर बनाना चाहिए। इससे छात्रों को अपनी सीखने की प्रगति पर लगातार नज़र रखने में मदद मिलेगी।

परीक्षा प्रणाली पर भरोसे में कमी का असर शिक्षा संस्थानों में शिक्षा के स्तर को बुरी तरह प्रभावित करता है।

पढ़ाना और पढ़ना इस प्रकार से होना चाहिए कि किसी भी छात्र को किसी भी प्रकार की परीक्षा के लिए तैयार किया जा सके।

परीक्षा प्रक्रिया में प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और मार्कशीट तैयार करना शामिल है।

भारत में वर्तमान परीक्षा प्रणाली में एकल–मूल्यांकन की प्रणाली है। यह केवल छात्रों की रटने की क्षमता का परीक्षण करती है और उनकी वास्तविक सीखने और समझ को नहीं मापती है।

यह छात्रों पर बहुत अधिक दबाव डालती है। परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को लंबे घंटे पढ़ाई करनी पड़ती है, जिससे उनमें मानसिक तनाव और चिंता बढ़ जाती है।

यह छात्रों के बीच असमानता को बढ़ावा देती है। धनी और गरीब छात्रों के पास परीक्षाओं की तैयारी के लिए समान संसाधन नहीं होते हैं।

इन खामियों को दूर करने के लिए, भारत में परीक्षा प्रणाली में परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को अधिक समय दिया जाना चाहिए। इससे छात्रों पर दबाव कम होगा और वे अधिक आराम से परीक्षाओं की तैयारी कर पाएंगे।

परीक्षा प्रणाली छात्रों की रचनात्मकता और समस्या–समाधान कौशल का मूल्यांकन करने में विफल रहती है। यह छात्रों को केवल एक ही सही उत्तर वाले प्रश्नों को हल करने के लिए प्रशिक्षित करती है, जो वास्तविक दुनिया में अक्सर आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार नहीं है।

स्मृति पर अत्यधिक जोर: परीक्षाओं में अनुप्रयोग, विश्लेषण, आलोचनात्मक सोच आदि जैसे उच्च–स्तरीय कौशलों के बजाय केवल रटने की क्षमता और स्मृति का परीक्षण किया जाता है। समझने में कमी: यह शिक्षण प्रथाओं को छात्रों को वास्तव में अवधारणाओं को समझने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित करती है।

अक्सर यह आरोप लगाए जाते हैं कि परीक्षा बोर्ड केवल रटने की क्षमता को महत्व देते हैं। इसलिए शिक्षक भी छात्रों की बेहतर सोच विकसित करने की जगह प्रश्नों के उत्तर याद करने और अच्छे अंक लाने के लिए तैयार करते हैं।

ऐसे कई मौके आए हैं जब हम प्रश्न पत्रों में भाषा और समझ से जुड़ी गंभीर गलतियां, विषय से अलग प्रश्न और ऐसे प्रश्न देते हैं जो उच्च शिक्षा का परीक्षण नहीं करते हैं।

परीक्षाओं को अधिक बहुआयामी बनाया जाना चाहिए। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न शामिल होने चाहिए, जैसे कि वस्तुनिष्ठ प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न, और लंबे उत्तरीय प्रश्न। प्रश्न पत्रों को तैयार करने के लिए, शिक्षा सामठी के मुद्दे पर मानक तय किए जा सकते हैं और मूल्यांकन में सावधानी के लिए नियम लाए जा सकते हैं।इससे छात्रों की विभिन्न क्षमताओं का आकलन किया जा सकेगा।

मल्टी–मूल्यांकन प्रणाली को अपनाना चाहिए। छात्रों का मूल्यांकन केवल एक परीक्षा के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उनकी कक्षा प्रदर्शन, परियोजना कार्य, शोध कार्य, और अन्य गतिविधियों के आधार पर भी किया जाना चाहिए।

छात्रों के मूल्यांकन की प्रक्रिया मे पारदर्शिता और निष्पक्षता महत्वपूर्ण है। छात्रों को मूल्यांकन प्रक्रिया को जानने का अधिकार होना चाहिए ! मूल्यांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष होना चाहिए।

उत्तर पुस्तिकाओं की जांच लापरवाही से होती है और छात्रों को मिलने वाले ठोड उनके वास्तविक शिक्षा के स्तर को नहीं दिखाते हैं।

गोपनीयता और समान मानक किसी भी अच्छे परीक्षा की पहचान माने जाते हैं। लेकिन बिना उचित सावधानी बरते, गोपनीयता घोटालों को जन्म देती है।

छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। परीक्षा प्रणाली को इस तरह से डिज़ाइन किया जाना चाहिए कि यह छात्रों में तनाव और दबाव को कम करने में मदद करे। अभिभावकों को इस नई परीक्षा प्रणाली के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता होगी।

इन परिवर्तनों से भारत में परीक्षा प्रणाली में सुधार होगा और छात्रों को एक बेहतर भविष्य बनाने में मदद मिलेगी।

परीक्षा की प्रभावशीलता पर देशव्यापी बहस चलनी चाहिए।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, वैदिक विश्वविद्यालय निंबहारा, निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर, अध्यक्ष आईएसएलएस, प्रिसिडेंट सोशल रिसर्च फाउंडेशन, कानपुर**

# इस भ्रम को तोड़ना ही होगा



**डॉ. रामावतार शर्मा**

आजकल हम दख रह ह ाक सामान्य जन के वार्तालाप और राजनीतिक भाषणों में विकास की बातें अभूतपूर्व रूप से की जा रही हैं मानों देश के हर घर में संपन्नता का साम्राज्य हो गया हो। अब सरकार और लोग यदि सपनों में रहना चाहते हैं तो यह उनका अपना निर्णय है, उनका अधिकार है कि वे ऐसा करते रहें। पर सपने के पार की बातें ऐसी हैं जो शायद भविष्य के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। सबसे पहले तो यह जानना होगा कि यह विकास किस दिशा में हो रहा है।

संधारणीय विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) ही वास्तविक विकास होता है जिसमें वर्तमान में उपभोग करते हुए भविष्य के लिए संसाधनों को सुरक्षित रखा जाए। यदि हमने आज के अल्पकालीन विकास के लिए सारे संसाधन इस प्रकार से काम में ले लिए कि आने वाली पीढ़ियों के लिए कुछ खास बचा ही नहीं तो यह विकास नहीं हमारा भ्रम है।

विकास का मतलब मात्र सड़कें, पुल, रेल मार्ग, बंदरगाह और एयरपोर्ट बनाना ही नहीं होता है। उपरोक्त निर्मितियां आवश्यक हैं इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है परंतु यह सारा काम एक संतुलन के तहत होना चाहिए। यदि धरती पर शांति नहीं होगी, संपन्नता हर योग्य व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगी, लोग सुरक्षित नहीं महसूस करेंगे, व्यक्तिगत सम्मान नहीं होगा तो सारी भौतिक सुविधाएं बेमानी हो जाएंगी। चूंकि विकास एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा होता है तो इस बात पर हमेशा जागरूकता रखनी होगी कि यह संधारणीय है या अवहनीय (अनसस्टेनेबल) है। यदि जनता इस बारे में जागरूक नहीं है तो अल्पकाल की सुविधाओं की अकल्पनीय कीमत चुकानी पड़ सकती है। भारत सहित एशियाई देशों में व्यक्ति की औकात उसके कार्य से देखी जाती है जैसा कि मध्यप्रदेश के एक जिलाधिकारी द्वारा एक ट्रक ड्राइवर के साथ कटु व्यवहार से स्पष्ट होता है। कार्य के अनुसार जिलाधिकारी एवं ट्रक ड्राइवर दोनों का अपने स्थान पर महत्व होता है और देश के नागरिक होने के नाते दोनों ही सम्मान के अधिकारी हैं परंतु क्या वास्तविकता में ऐसा होता है? सामाजिक सम्मान नहीं मिलने के फलस्वरूप ही देश का श्रमिक वर्ग गैर जिम्मेदार होता जाता है।

देश चाहे कितना ही विकास कर ले पर यदि इससे प्रति व्यक्ति कार्य के अनुसार आय नहीं बढ़ती, लोगों का जीवन स्तर ऊपर नहीं उठता, शिशु मृत्यु दर कम नहीं होती और बालक–बालिकाएं स्कूल शिक्षा से वंचित रहते हैं तो यह विकास एक तरफा होगा जिसमें आम लोगों की कीमत पर धनी और धनी होते जाएंगे और सबल निर्बल के बीच खाई खतरनाक तरीके से बढ़ती जाएगी। आर्थिक विकास यदि सामाजिक विघटन, पर्यावरण की हानि और धन संपदा के एकतरफा प्रवाह के साथ होता है तो यह एक मिथ्या विकास है क्योंकि तब यह संधारणीय विकास हो ही नहीं सकता। भारत में पर्यावरण बीमार हालात में है और लोगों का एक विशाल वर्ग ऋण की अर्थव्यवस्था पर टिका है। यहां नीति निर्धारकों को यथार्थ पर उतर कर स्थिति को लगातार संभालना होगा वरना विकास का गुब्बारा कभी भी फूट सकता है। दो चार साल के तीव्र विकास से कुछ होने वाला नहीं है क्योंकि 145 करोड़ पार करती जनसंख्या को संभालना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं होता है।

यहां सरकार को कोसने से भी काम नहीं चलने वाला है। कुल मिलाकर सरकार के कई आर्थिक कदम प्रसंशनीय ही कहे जाएंगे बस पारदर्शिता की कमी खलती है। जहां तक पर्यावरण और प्रदूषण का सवाल है वहां पर सरकार कोई अधिक अंक नही पाती है पर नितिन गडकरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्गों पर हो रहा कार्य प्रशंसा के लायक है। यहां एक बात याद रखनी चाहिए कि भारत जैसे विशाल देश के लिए दो–चार साल की आर्थिक प्रगति पर सीना फुलाना महत्वहीन है, आधारहीन आत्म प्रशंसा है। यहां की समस्याओं का समाधान कई दशकों तक पर्यावरण एवम् संसाधनों को सुरक्षित रखते हुए लगातार विकास की गति बनाए रखने से ही संभव है। भारत का विकास मॉडल एक तरफा रहा है। उदाहरण के तौर पर फसल आते ही आलू, टमाटर, जीरा, ज्वार आदि सभी इतने सस्ते हो जाते हैं कि किसान के हाथ कुछ नहीं लगता पर कोल्ड स्टोरेज के मालिक आगे चलकर बेतहाशा मुनाफा कमाते हैं। इन विसंगतियों को दूर करने के प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं और ना ही इस बारे में कोई गंभीर विचार मंथन होता दिखाई देता है। भारत जैसे देश में व्यापक जनचेतना के अभाव में प्रकृति का विनाश रुकना मुश्किल लगता है और लालची लोग अथाह धन संग्रहण कर विदेशों में भवन और स्थाई निवास पत्र ले कर अपनी पीढ़ियों को सुरक्षित कर रहे हैं। जिन लोगों की पीढ़ियों को यहां इस भारत भूमि पर रहना है उन्हें इस भ्रम को तोड़ना होगा कि भारत में सब ठीक ठाक है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# मीठी भुगड़ी के हिस्से आ रही कड़वी यादें, तालाब निगल रहा बेरों की बोरटी

**बीकानेर।** यहां से बाहर प्रवास करने वाले यहां के वाशिंदों में भुजिया, पापड़ ,सूखी सब्जियों के अलावा सूखे बेर यानी भुगड़ी का भी खासा क्रेज रहा है। सुजानदेसर रोड पर सालमनाथ जी के धोरे के आसपास की बाडियां रियासतकाल से ही मीठे बेर एवं भुगड़ी के उत्पादन लिए प्रसिद्ध रहे हैं।

हालांकि, करीब तीन दशक से इस क्षेत्र में पैदा होने वाली यह नियामत अब जमीदोज होने की स्थिति में है। गंगाशहर, भीनासर, किसमीदेसर एवं आसपास के क्षेत्र का घरेलू एवं बरसाती पानी चांदमलजी के बाग एवं सड़क के दूसरी तरफ दर्जनों बीघा में पानी फैल जाने से यहां बेर की सैकड़ो बोटियां यानी झाडियां विलुप्त होने के कगार पर हैं।

कई पीढि यों ने अपने खून–पसीने सींचकर बेर की इन झाडियों और पेड़ों को लगाया था। हालांकि आरयूआईडीपी के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च कर बनी योजना से पानी गोचर भूमि में जाने लगा है, लेकिन अभी भी सडक के दूसरी तरफ ब्राह्मणों के मोहल्ले में दर्जनों बीघा क्षेत्र में गंदा पानी पसरा हुआ है। इसने झाड़ियों को निगल लिया है। अब गिनी – चुनी बाडियों में ही बेर की झाडिया बची हैं। उन पर लगने वाले बेरों की मात्रा भी इतनी कम होती है कि सब्जी के साथ–साथ स्थानीय बाजार में ही बिक जाते हैं। पीढ़ि यों से इस काम में लगे परिवार के हरिराम माली 30 – 35 वर्ष पूर्व की स्थिति को याद करते हैं, जब यहां आसपास की बाडियों में सैकड़ो बेरों की झाड़ियां होती थीं और उनसे सैकड़ों किलो बेर रोजाना होते थे। फिर इन बेरों की छंटाई होती थी। जो ज्यादा गीले होते थे उनको कई दिनों तक धूप में भुगड़ी बनने के लिए सुखाया जाता था। बेबी, इन्द्रा आदि ने बताया कि महिलाएं उस दौर में झाड़ियों से नीचे गिरे बेर चुगने के लिए बड़ी संख्या में बाडियों में जाती थीं और उनके लिए यह रोजगार का भी अच्छा साधन था।

गंगाशहर बाजार के पुराने दुकानदारों में शुमार सुरेंद्र कुमार गोलछा के मुताबिक, करीब 25 – 30 वर्ष पहले दुकान में भूगड़ी की खपत सालाना एक क्विंटल तक हो जाती थी, जो अब घटकर पांच – सात किलो ही रह गई है। पहले यहां से जाने वाले प्रवासी कोलकाता, असम, दिल्ली, गुजरात आदि स्थानों पर भुगड़ी ले जाते थे। फिलहाल, एक किलो बेर की कीमत करीब 40 रुपए है, जबकि भुगड़ी अस्सी से सौ रुपए प्रति किलो तक मिलती है। हालांकि, यह स्थानीय खपत को भी पूरा नहीं कर पाती। भुगड़ी के लिए तो बेर बचते ही नहीं।महानगरों में रहने वाले लोग निकटजनों के लिए बीकानेर की नमकीन के साथ भुगड़ी अवश्य ले जाते थे। अब इसका क्रेज और उत्पादन दोनों ही कम हो गया है। आज की किशोर–युवा पीढ ी तो भुगड़ी के स्वाद से ही अनजान है।

# नाल में 1 फरवरी को होगा एयर शो, आसमान में दिखेंगे सूर्यकिरण प्लेन के करतब


**बीकानेर।** भारतीय वायु सेना के एयर शो की बीकानेर के नाल स्टेशन में तैयारियां चल रही है। इस एयर शो में सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम के प्लेन शामिल होंगे। लाल रंग के इन विमानों पर सफेद पट्टी बनी होती है। जो आसमान में कलाबाजियां करते बेहद खूबसूरत दिखते हैं। आमजन 1 फरवरी को बीकानेर पर आसमान में इन कलाबाजियों को देख सकेंगे। मुख्य आयोजन नाल में 1 फरवरी को सुबह 11 बजे शुरू होगा। नाल में यह डिस्प्ले प्लेन उड़ान भरेंगे और आसमान में विभिन्न आकृतियां बनाएंगे।

इसी के साथ आसमान में उतरे पैराशूटर्स भी साहसिक प्रदर्शक करेंगे। अभी 12 से 14 जनवरी तक मुम्बई में तीन दिवसीय एयर शो का आयोजन किया गया था। इसमें वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम भी शामिल हुई थी।

नाल स्टेशन में सुबह 8.30 बजे से आमजन को एयरशो देखने के लिए प्रवेश दिया जाएगा। इसमें पहचान दस्तावेज देखकर प्रवेश मिलेगा। मोबाइल व कैमरा साथ नहीं ले जा सकेंगे। साथ ही खाने–पीने का किसी तरह का सामान नहीं ले जा सकते है। एयरशो 11 बजे शुरू हो जाएगा।

एयरशो को लेकर वायुसेना के अधिकारियों ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पिछले दिनों बैठक भी की थी। इसमें नाल और आस–पास की एक–दो किलोमीटर की परिधि में कोई भी मृत पशु और कचरा आदि खुले में नहीं फेंके जाने को लेकर बात की गई। एयरशो में यदि आम आदमी को देखने के लिए अनुमति दी जाती है, तो आयोजन स्थल तक पहुंचने के रास्ते में ट्रैफिक जाम जैसे परेशानी भी हो जाती है। स्थानीय प्रशासन व पुलिस लोगों को नियंत्रित करने, आम जन बनकर दुश्मन देश का कोई जासूस नहीं घुस जाए तथा सुरक्षा और जांच की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किया गया है।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### मंगलवार 30 जनवरी, 2024

माघ मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 10:06 तक, अतिगंड योग दिन 10:42 तक, बालव करण प्रातः 8:55 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–धनु, बुध–धनु, गुरू–मेष, शुक्र–धनु, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज कुमार योग रात्रि 10:06 से आरम्भ होगा। आज चतुरथी तिथि में वृद्धि हुई है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:54 से 11:14 तक, लाभ–अमृत 11:19 से 2:01 तक, शुभ 3:21 से 4:42 तक।

**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 7:18, सूर्यास्त 6:02

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न रहेगा। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।। व्यावसायिक कार्यों में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**मीन**
घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 179 प्रभात जयपुर, मंगलवार 30 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**A CIA Spy Sets up India's First Aircraft Factory**

William Douglas Pawley, a go-getting businessman, a middleman, insisting on his commission, and an agent, knew the right people.

**Transform Your Look**

**Make 'Learning' a Part of Your Daily Routine**






*दिल्ली में 'पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना' के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करवा कर जयपुर लौटने पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का सांगानेर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ।*

# डॉ. मनमोहन सिंह इस बार की खेप में राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं

## पर, काफी अस्वस्थ व कमजोर हैं, कई दिनों से राज्यसभा में भी सत्र के दौरान उपस्थित नहीं रह पाते

- **अतः राजस्थान की कांग्रेस में सवाल उठ रहा है, क्या वे फिर राज्यसभा में ''रिपीट'' होंगे। पिछली बार उन्हें राजस्थान से राज्यसभा में भेजा गया था, क्योंकि उन्होंने सोनिया गांधी से राज्यसभा का टिकट देने का आग्रह किया था। पूर्व प्र.मंत्री के आग्रह को सोनिया गांधी टाल नहीं सकी थीं।**
- **अब मनमोहन सिंह की सीट के लिये राजस्थान के कांग्रेस पार्टी के नेताओं में होड़ सी लगी है। हर नेता खुद को नहीं तो अपने ''आदमी'' को राज्यसभा में भेजना चाहता है।**
- **वैसे, राजस्थान से तीन राज्यसभा सदस्य, मनमोहन सिंह, किरोड़ी लाल मीणा व भूपेन्द्र यादव रिटायर हो रहे हैं। भूपेन्द्र यादव के रिपीट होने की संभावना है, पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं से उनकी नजदीकी के कारण, पर, डॉ. मनमोहन सिंह व किरोड़ी लाल मीणा अपने स्वास्थ्य व प्रदेश में मंत्री बनने के कारण, शायद दोबारा राज्यसभा नहीं भेजे जायेंगे।**

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जनवरी। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं।

कांग्रेस क्षेत्रों में प्रश्न यह पूछा जा रहा है कि, क्या डा. साहिब को एक बार फिर राज्यसभा में स्थान दिया जाएगा, वो भी ऐसे समय में जब पार्टी के पास राज्यसभा में बहुत कम सीटें हैं।

राजस्थान के स्थानीय कांग्रेस नेता चाहते हैं कि, राज्य के किसी व्यक्ति को टिकट दिया जाए, साथ ही पार्टी के कई वरिष्ठ नेता राजस्थान से राज्यसभा सीट पाने के लिए प्रयासरत हैं। हर कोई अपने प्रत्याशी के लिए जोर लगा रहा है।

जैसे ही, चुनाव आयोग ने राज्यसभा के लिए चुनावों की घोषणा की, वैसे ही राज्यसभा सीटों के लिए रस्साकशी शुरु हो गई है।

राजस्थान के तीन सांसद, डा. मनमोहन सिंह, किरोड़ीलाल मीणा और भूपेन्द्र यादव राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं। राज्यसभा में कांग्रेस को एक और भाजपा को दो सीटें मिलेंगी।

डा. मनमोहन सिंह वृद्ध हैं एवं उनका स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं है, इस कारण वो राज्यसभा में बहुत ही कम आते हैं। उन्हें घर की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री होने के नाते उन्हें घर मिला हुआ है। पिछली बार सोनिया गाँधी ने उन्हें राज्यसभा सीट इसलिए दी थी क्योंकि मनमोहन सिंह ने स्वयं ही इच्छा जताई थी कि वो राज्यसभा में जाना चाहते हैं। रोचक है कि, कांग्रेस ने सब बाहर वालों को राज्यसभा सीटें दीं, परिणामस्वरुप पार्टी विधानसभा चुनाव हार गई।

किरोड़ी लाल मीणा विधायक के रूप में चुन लिए गए हैं और अब राजस्थान की भाजपा सरकार में मंत्री हैं।

भूपेन्द्र यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और भाजपा नेतृत्व के साथ करीबी संबंध के लिए जाने जाते हैं।

चुनाव आयोग ने आज 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव की घोषणा की। चुनाव 27 फरवरी को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री भजन लाल का ई.आर.सी.पी. हस्ताक्षर के बाद जयपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत

## हस्ताक्षर से उत्साहित पूर्वी राजस्थान के 13 जिले के लोगों ने मुख्यमंत्री को हवाई अड्डे पर मालाओं से लादा

- **मंत्रिमण्डल के सदस्यों तथा विधायकों ने भी मुख्यमंत्री के विधानसभा पहुंचने पर स्वागत किया और इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के लिये धन्यवाद दिया।**
- **पच्चीस लाख किसान परिवारों को लाभांवित करने के साथ ही इस क्षेत्र के 26 पूर्वनिर्मित बांधों का भी पुनरोद्धार होगा।**

जयपुर, 29 जनवरी, (का.सं.)। राजस्थान के 13 जिलों के लिए बहुप्रतिक्षित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ई.आर.सी.पी.) पर रविवार को नई दिल्ली में त्रिपक्षीय एमओयू हस्ताक्षर हुए। इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को जब नई दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे तब वहां विभिन्न जिलों से आए लोगों ने उनका स्वागत किया और धन्यवाद दिया। इसके बाद शर्मा का विधानसभा पहुंचने पर मंत्रिमंडल सदस्यों और विधायकों ने स्वागत कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सभी सदस्यों और 13 जिलों की जनता की तरफ से उन्हें बुके भेंट किया।

मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर उनकी वर्षों पुरानी आस अब पूरी हुई है।

इससे राज्य के 13 जिलों में 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे 25 लाख से अधिक किसान परिवार लाभान्वित होंगे। साथ ही, औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा सदस्यों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा। राज्य सरकार हर क्षेत्र और हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा सदस्यों ने कहा कि पूर्वी राजस्थान के लोगों के लिए यह परियोजना वरदान साबित होगी। सिंचाई और पेयजल के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

उल्लेखनीय है कि ईआरसीपी के तहत पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, अजमेर एवं टोंक के लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, भूजल के स्तर में भी वृद्धि होगी।

एमओयू के अनुसार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में सम्मिलित रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज, नवनैरा बैराज, मेज बैराज, राठौड़ बैराज, डूंगरी बांध, रामगढ़ बैराज से डूंगरी बांध तक फीडर तंत्र, ईसरदा बांध का क्षमतावर्धन एवं पूर्वनिर्मित 26 बांधों का पुनरूद्धार किया जाएगा।

# केन्द्र व राज्य सरकार जन जीवन घोटाले की जानकारी 3 सप्ताह में दें

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने ''पब्लिक अगेंस्ट करप्शन'' की जनहित याचिका पर यह निर्देश दिये।**

जयपुर, 29 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जल जीवन मिशन में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किए गए करीब नौ सौ करोड रुपए के घोटाले के मामले में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी पेश करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश पब्लिक अगेंस्ट करप्शन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जनहित याचिका में अधिवक्ता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नीतीश की पांचवी उल्टा-पलटी ने सोशल मीडिया को व्यस्त रखा व्यंगात्मक टिप्पणियों से

- **उदाहरण के लिये पांचवी बार राजभवन में शपथ लेने के बाद जब नीतीश अपना मफलर भूल आये शपथ स्थल पर, और पांच मिनट बाद मंच पर लौटे मफलर लेने तो, राज्यपाल चकित रह गये, क्योंकि अभी तो पन्द्रह मिनट भी नहीं हुए थे शपथ लिये।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जनवरी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ''पलटने की राजनीति'' ने सोशल मीडिया को व्यंगात्मक टिप्पणियों से व्यस्त रखा। फेसबुक, वॉट्सएप, इन्स्टाग्राम और एक्स के यूज़र्स, कार्पोरेट जगत, सिनेमा व क्रिकेट का हवाला देते हुए एक दशक में पांचवीं बार ''यू टर्न'' करने के लिए मुख्यमंत्री को लक्ष्य बना रहे हैं।

उन्हें, ''पल्टू राम, पल्टू चाचा या पल्टू पुत्र'' कहते हुए नैटिज़न्स बड़े रचनात्मक रूप से अपनी भड़ाज निकाल रहे हैं। वाट्सएप के एक फारवर्ड में, ''उसने मुझे धोखा दिया'', का अनुवाद करते समय नीतीश के नाम को क्रिया बनाते हुए कहा, ''उसने मुझे नीतीश दिया।''

एक्स पर एक फॉरवर्ड में नीतीश से पांच कॉरपोरेट शिक्षाएं लेने को कहा गया, ''हमेशा लचीले रहो, सही समय पर पलट जाओ, अपने रास्ते कभी बंद नहीं करो, उसी कम्पनी में वापस जाने को तैयार रहो। और अंतिम शिक्षा है- जब तक हाथ में दूसरा ऑफर ना हो, तब तक वर्तमान पद कभी नहीं छोड़ो।

एक ''एक्स'' यूज़र ने क्रिकेट उपमा का उपयोग करते हुये अपना विचार व्यक्त किया कि, राजस्व और खेल की व्यापक अपील को बढ़ावा देने के लिए, बी.सी.सी.आई. क्रिकेट टूर्नामैंट के एक नए प्रारुप को शुरु करने की सोच रहा है। जिसमें, मैच के आधे समय के बाद, कप्तान को दूसरी टीम की कप्तानी करने की अनुमति होगी और इसका नाम ''नीतीश कप'' होगा।

एक अन्य ''एक्स'' यूज़र ने नीतीश को सी.ई.ओ. के लिए एक आदर्श

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'यह कोई रेलवे प्लेटफार्म नहीं है!'

## सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश ने वकील को बेअदबी के लिये फटकार लगायी

- **मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा, ''जैसे ही गाड़ी देखी, उस पर चढ़ने का प्रयास करता है यात्री, वैसे ही आप (वकील) भी बिना किसी इज़ाजत के ''आऊट ऑफ टर्न'' किसी भी समय मामला उठाना चाहते हैं।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक वकील को आउट-ऑफ-टर्न उल्लेख करने के लिए फटकार लगाई, यह कहते हुए कि, ''यह कोर्ट रेलवे प्लेटफॉर्म नहीं है।'' कोर्ट ने वकील से मामलों का उल्लेख करने के तरीके पर एक वरिष्ठ वकील के साथ चर्चा करने को कहा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश, डी.वाय. चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ती जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ती मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील को चेतावनी दी कि, अदालत जुर्माना लगाएगी।

डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने वकील से कहा, ''ये कोई प्लेटफॉर्म नहीं है कि, बस चढ़ गए, जो भी ट्रेन आ गई।''

जब वकील ने याचिका का जिक्र किया तो कोर्ट ने शुरू में ही यह जानने की कोशिश की कि, याचिका बैंच के समक्ष आज की सूची में है या नहीं।

कोर्ट ने आगे कहा, ''दोपहर 12 बजे आप उल्लेख किस तरह कर सकते हैं।''

वकील ने कहा कि, वह न्यायपालिका के खिलाफ नहीं है। लेकिन, चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया ने उसकी बात को बीच में काटते हुए कहा कि, मुद्दा यह नहीं है।

कोर्ट ने टिप्पणी की, ''आप इस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा में एक और छात्रा ने आत्महत्या की

- **छात्रा 12वीं की परीक्षा तथा जॉइंट एन्ट्रैंस एग्ज़ाम की तैयारी कर रही थी।**
- **परीक्षा की तैयारी को लेकर वह लगातार तनाव में थी।**

कोटा, (निसं)। तमाम प्रशासनिक प्रयासों के बावजूद कोटा में विद्यार्थियों की आत्महत्याएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन की परीक्षा से पहले ही झालावाड़ की एक छात्रा ने सोमवार को सुसाइड कर लिया। वह परिवार के साथ कोटा के बोरखेड़ा थाना इलाके के मानपुरा में रहती थी। उसने अपने घर पर ही आत्महत्या की है। परिजन उसे एमबीएस अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अंतरिम बजट अधिकतर सरकार की आमदनी व खर्च का नीरस लेखा जोखा रहता है

## इसलिये आजादी के बाद के प्रथम तीन बजट केवल देश की खाद्यान्न की कमी, विदेशी मुद्रा का घटता बैलेन्स तथा बढ़ती महंगाई को समर्पित थे

- **पर, 1992-93 के बाद, इकोनॉमिक रिफॉर्म्स के बाद, बजट देश की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को प्रतिबिम्ब करने लगे थे, इसलिये आर.बी.आई. के तत्कालीन गवर्नर व पूर्व वित्त सचिव ने इस अवसर पर कहा था, ''अब हम अपनी महत्वकांक्षाओं (एम्बीशन) की बात कर सकते हैं।**
- **परन्तु इस वर्ष का केन्द्रीय बजट, जो कि लोकसभा चुनाव की पूर्व संध्या को पेश होगा, देश व सत्तारूढ़ दल का राजनीतिक मैसेज देने की जिम्मेवारी भी निभायेगा।**
- **इसलिये बजट में महिला, यूथ व किसान को खुश करने का विशेष प्रयास होगा।**
- **साथ ही ए.आई. (ऑर्टिफिशल इंटैलीजैंस) पर फोकस करेगा।**

-अंजय रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जनवरी। आगामी बजट के बारे में अनुमान लगाना हमेशा पेचीदा होता है। बजट एक वित्त मंत्री की रणनीतिक आर्थिक सोच, एक प्रधानमंत्री के निर्देशों व मार्गदर्शन के साथ सरकार के सभी विभागों से भारी मात्रा में प्राप्त ''इनपुट'' का विश्लेषण करने के बाद तैयार किया जाता है। अंतिम उत्पाद हमेशा सभी मोर्चों पर एक ''अनिश्चित'' समझौता होता है।

लेकिन इस साल के अंतरिम बजट के बारे में निश्चित तौर पर कुछ व्यापक बाते कहीं जा सकती हैं। मौलिक रूप से एक अंतरिम बजट मौजूदा सरकार के राजस्व और व्यय का एक विवरण है और सरकार के आवश्यक कामकाज को जारी रखने के लिए विधायकों से अग्रिम मंजूरी देने के लिए सरकार की ओर से पेश की गयी एक याचिका है।

लेकिन फिर भी, अंतरिम बजट का संक्षेप में सिर्फ आवश्यक तथ्यों के साथ नहीं तैयार किया जाता है, विशेषकर जब यह निकट भविष्य में होने वाले चुनावों से पहले हो। बजट हमेशा वर्तमान उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने और पहले कभी नहीं उठाए गए उत्कृष्ट कदमों के रूप में प्रदर्शित करने की कवायद बन जाता है।

लेकिन, भारत के कुछ अंतरिम बजट, जिसमें पहला बजट भी शामिल है, देश और अर्थव्यवस्था के समक्ष संकटों के बयान मात्र थे। स्वतंत्रता के तुरंत बाद के शुरुआती दिनों में, भारत के बजट निर्माण पर तीन चिंताएं हावी थीं। खाद्यान्न व विदेशी मुद्रा की कमी और उसके फलस्वरूप बढ़ती कीमतों ने कई वित्त मंत्रियों को परेशान कर दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य के खिलाफ सुभाष चौक थाने पर प्रदर्शन

## गंगापोल स्थित स्कूल में हिजाब को लेकर टिप्पणी करने के बाद उपजा विवाद



सुभाष चौक थाने पर मुस्लिम समुदाय की बच्चियों और उनके परिजनों ने धरना देकर भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया।

**जयपुर**। हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य के खिलाफ सुभाष चौक थाने पर सोमवार को सरकारी स्कूल की मुस्लिम छात्राओं और उनके महिलाओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। छात्राओं का आरोप है कि बाबा बालमुकुंद आचार्य उनके स्कूल आए थे। इस दौरान उन्होंने हिजाब को लेकर बोला, नारे भी लगाए गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर एसीपी सुभाष चौक मौके पर पहुंचे और छात्राओं से बात की। एहतियात के तौर पर मौके पर पुलिस जाप्ता भी मौजूद रहा। विधानसभा में विधायक रफीक खान ने यह मुद्दा उठाया और आपत्ति दर्ज करायी।

पुलिस ने बताया कि गंगापोल गर्ल्स स्कूल

- **ए.सी.पी. ने मौके पर पहुंचकर छात्राओं से बातचीत की, मौके पर तैनात रहा जाप्ता**
- **शाम को विधायक रफीक खान और अमीन कागजी के साथ छात्राओं ने थाने में आपत्ति दर्ज करायी**

की छात्राएं सोमवार सुबह करीब 9 बजे सुभाष चौक थाने पर पहुंची। देखते ही देखते छात्राओं की संख्या बढ़ गई। पुलिस ने जब छात्राओं से कारण पूछा तो बताया कि विधायक बालमुकुंद आचार्य स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान पहुंचे थे। उन्होंने स्कूल में हमारे हिजाब को लेकर बातें की, यह हमें मंजूर नहीं है। शिक्षा के मंदिर में हिंदू-मुसलमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्राओं के साथ-साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और कार्रवाई की मांग करने लगे। इस दौरान छात्राएं सुभाष चौक सर्किल के चारों तरफ सड़क पर बैठ गई थीं।

शाम 5 बजे आदर्श नगर विधायक रफीक खान और किशनपोल विधायक अमीन कागजी सभी छात्राओं को लेकर मौके से रवाना हो गए। दोनों की ओर से एक लिखित शिकायत सुभाष चौक थाने में दी गई है। जिस पर कार्रवाई को लेकर प्रशासन को दो दिन का समय दिया गया है। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने बताया कि स्कूल में एनुअल कार्यक्रम था। जहां बाबा बालमुकुंदाचार्य को बुलाया गया था। बाबा ने जानबूझकर नारे लगवाए और कहा कि हिजाब को स्कूल में अलाऊ नहीं करेंगे, यह गलत है। छात्राओं के प्रदर्शन के कारण आमेर की ओर से आने वाला रास्ता बंद हो गया था।

## स्कूल में ड्रेस कोड होता है, कल को हमारे बच्चे लहंगा-चुन्नी पहनेंगे : बालमुकुंदाचार्य

**जयपुर** (कासं)। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने इस पूरे मामले में कहा कि स्कूलों का एक ड्रेस कोड होता है। मेरे भाषण को देखा जा सकता है। मैंने स्कूल में बच्चियों को कुछ नहीं कहा। मैंने केवल स्कूल प्रिंसिपल से पूछा था कि क्या स्कूल में दो तरह का ड्रेस कोड है। जब गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हो, वार्षिकोत्सव हो। क्या दो तरह की ड्रेस का प्रावधान है?

उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है, यह मानते ही नहीं है। मुझे स्कूल में दो तरह का माहौल नजर आया। एक हिजाब के साथ दूसरा बिना हिजाब के। ऐसे में हमारे भी बच्चे कल को लहंगा-चुन्नी पहनकर आएंगे, कलरफुल ड्रेस पहनकर आएंगे। जब स्कूल का ड्रेस कोड तय है, बच्चियों को इसमें आपत्ति भी नहीं है। केवल उन्हें गाइड करने की जरूरत है। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि मेरा सवाल वाजिब है। स्कूल का ड्रेस कोड तय है। वहां का नियम कायदा होता है। स्कूल में ड्रेस कोड के हिसाब से ही आना चाहिए। इन्हें तो सरस्वती के श्लोक बोलने पर भी आपत्ति है। यह क्या बात हुई। विद्यालय में सबके लिए

- **बालमुकुंदाचार्य ने कहा, मैंने स्कूल में बच्चियों को कुछ नहीं कहा, प्रिंसिपल से पूछा था कि क्या स्कूल में दो तरह का ड्रेस कोड है। चाहे गणतंत्र दिवस हो या वार्षिकोत्सव हो। क्या दो ड्रेस का प्रावधान है?**

नियम बराबर है। जबरन जय श्रीराम के नारे लगाने के सवाल पर विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि मैने ऐसे कोई नारे नहीं लगवाए। मैने कहा था भारत माता की जय बोलिए। उन्हें समझाया भी था कि भारत हमारा देश हैं। यह धरती हमारी माता है। यह हमारी मां की भी मां हैं। क्या भारत माता की जय बोलना भी गलत है। उन्होंने कहा कि मैं मदरसों में भी गया था। मैने वहां तो ड्रेस बदलने की बात नहीं की। हर जगह का अपना ड्रेस कोड तय है।

## सदन में भी गूंजा हिजाब का मुद्दा

**जयपुर**। कांग्रेस के रफीक खान ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान स्थगन प्रस्ताव के जरिए चिरंजीवी योजना में इलाज नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए हिजाब का मामला भी उठाया। रफीक खान ने गंगापुर के स्कूल में बीजेपी विधायक के हिजाब पर पाबंदी होने और बच्चों को हिजाब पहनकर नहीं आने की बात का जिक्र करते हुए सवाल उठाए। रफीक खान के स्थगन प्रस्ताव के अलावा मुद्दा उठाने पर बीजेपी सदस्यों ने कड़ी आपत्ति की। इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने स्थगन प्रस्ताव के विषय के अलावा बोली गई बातों को सदन की कार्यवाही से निकालने का आदेश दिया। रफीक खान ने जब हिजाब का मुद्दा उठाया तो संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने तुष्टीकरण बंद करो के नारे लगाए। कांग्रेस विधायक रफीक खान ने कहा कि एक आदमी पहली बार विधायक बनता है। रोज कॉन्ट्रोवर्सी वाले बयान देता है, जिससे उसे सस्ती पब्लिसिटी मिल सके। गणतंत्र दिवस के दिन आप संविधान की धज्जियां उडाते हो। बच्चियों के खिलाफ गलत बात करतो हो। मैं प्रशासन से चाहता हूं कि ऐसे आदमी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

# मेयर सौम्या गुर्जर के सलाहकार समेत 14 रिटायर्ड अधिकारियों को हटाया

## जयपुर ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड ने जारी किए आदेश

**जयपुर** (कासं)। राज्य सरकार के आदेश के बाद अब नगरीय विकास विभाग से जुड़े दफ्तरों से रिटायर्ड कर्मचारियों को हटाने का काम शुरू हो गया है। नगर निगम ग्रेटर की कमिश्नर रूकमणि रियाड़ ने सोमवार को आदेश जारी करके 14 ऐसे अधिकारियों को हटाया है, जो रिटायर्ड होने के बावजूद भी नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय या स्वायत्त शासन निदेशालय में काम कर रहे थे। इसमें जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर के सलाहकार भी शामिल है, जो पिछले कई साल से इस पोस्ट पर रिटायर्ड होने के बाद भी कार्यरत थे।

सूत्रों की मानें तो पिछले दिनों राजस्थान में सरकार ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, यूआईटी, विकास प्राधिकरण और स्वायत्त शासन निदेशालय में कॉन्ट्रेक्ट पर लगे कर्मचारियों को हटाने के आदेश दिए थे। हटाए गए अधिकारियों में मेयर सौम्या गुर्जर के सलाहकार से लेकर लेखाधिकारी, जनसंपर्क, विधि सहायक, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक भी शामिल हैं।

कमिश्नर रूकमणी रियाड़ की ओर से जारी आदेशों में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक के पद पर मुरलीपुरा जोन में नियुक्त रामकिशोर गुप्ता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ज्ञान प्रकाश पारीक, वरिष्ठ सहायक अनिल किशोर पारीक, निदेशक विधि सलाहकार कैलाशराम ईनाणिया, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क बृजेश पारीक को हटाया गया है। इनके अलावा मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर के सलाहकार रमाकांत अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी बजरंग लाल शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुष्पेन्द्र सिंह हाड़ा, स्टेनोग्राफर अशोक कुमार गुप्ता,

- **इन 14 अधिकारी-कर्मचारियों में से 5 लोग डीएलबी में दे रहे थे सेवाएं**
- **जेडीए में 200 और हाऊसिंग बोर्ड में 30 कार्मिक अभी भी कार्यरत**
- **रेरा में 60 फीसदी स्टाफ सेवानिवृति के बावजूद काम कर रहा, स्वायत्त शासन विभाग के आदेश के बावजूद अभी तक किसी को भी नहीं हटाया**

प्रशासनिक अधिकारी युवराज कुमार गंगवाल, सीनियर ज्वाइंट लॉ एडवाइजर गोपाल लाल शर्मा, आयुक्त मदन कुमार शर्मा, सीनियर ज्वाइंट लॉ एडवाइजर सुनील राय और कमिश्नर राजेन्द्र कुमार सिंघल को भी हटा दिया गया है।

मजेदार बात यह है कि पिछले दिनों स्वायत्त शासन निदेशक सुरेश ओला ने आदेश जारी कर तमाम सरकारी अधिकारियों को हटाकर पालना रिपोर्ट भेजने को कहा था। इसके बावजूद जयपुर जेडीए में बाबू, पटवारी समेत अन्य पदों पर 200 से ज्यादा लोग अभी भी लगे हुए है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड में 30 से ज्यादा कर्मचारी ऐसे है जो रिटायर्ड होकर वापस बोर्ड में पे माइनस पेंशन या एक निर्धारित वेतन पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा रेरा में 60 फीसदी से ज्यादा अधिकारी सेवानिवृत है, लेकिन अभी तक किसी को भी नहीं हटाया गया है।

# जे.डी.ए. समेत सभी नगरीय निकायों में संविदा पर लगे अरबन प्लानर भी हटेंगे

**जयपुर**। जे.डी.ए. समेत प्रदेश भर के नगर निकायों में संविदा पर लगे अरबन प्लानर भी अब हटेंगे। संविदा पर लगे अरबन प्लानर्स और आर्किटेक्ट्स के माध्यम से कराए जा रहे खेल पर लगाम लगाने की कवायद पिछले करीब डेढ़ महीने से फाइलों में बंद थी, जिस पर अब मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने हटाने के आदेश जारी कर दिए।

सूत्रों की मानें तो जेडीए के विभिन्न जोन,मास्टर प्लान व बिल्डिंग प्लान शाखा में संविदा पर अरबन प्लानर्स और आर्किटेक्ट्स लगे हुए हैं। कई स्थानों पर ये कार्मिक नियमित नगर नियोजक की तरह काम कर रहे हैं। यहां तक जोन स्तरीय समिति (जेडएलसी) में सदस्य सचिव के तौर पर उप नगर नियोजक या सहायक नगर नियोजक जैसे स्थायी पदनामों का भी प्रयोग कर रहे हैं। 90 ए, ले आउट बिल्डिंग प्लान अनुमोदन,भू उपयोग परिवर्तन, उपविभाजन पुनर्गठन, भूमि आवंटन, भूमि समर्पण, जेडीए की योजना की प्लानिंग आदि

- **पिछले डेढ़ महीने से फाइलों में बंद इस प्रकरण पर यू.डी.एच. मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने लिया फैसला**

मामलों की फाइलें नियमित नगर नियोजक के बजाए इन्हीं संविदा कर्मियों के माध्यम से सीधे जोन उपायुक्तों को भेजने के भी मामले सामने आए हैं। पिछले वर्ष नवंबर में कई नियमित नगर नियोजकों ने इस खेल को उजागर करते हुए इसे रोकने के लिए तत्कालीन जेडीए आयुक्त को ज्ञापन दिया था। कोटा, अजमेर, जोधपुर, के विकास प्राधिकरणों नगर निगमों में यह अरबन प्लानर को नगर नियोजकों के सहायक के रूप में लगाए गए थे लेकिन धीरे धीरे इन लोगों ने फाइलों को मंजूर करने, नक्शे पास करने जैसे काम करने शुरु कर दिए थे।

## महिला समेत छह शराब तस्कर पकड़े

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ विश्वकर्मा, जयसिंहपुरा खोर, सांगानेर सदर, मुहाना, कालवाड़ एवं ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम में सात प्रकरण दर्ज कर एक महिला सहित छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से अवैध देशी शराब के 541 पव्वे, अंग्रेजी शराब के 63 पव्वे, बीयर की 56 बोतल, हथकड़ शराब 10 लीटर एवं 1 हजार 235 रुपये बिक्री की राशि बरामद किए है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ विश्वकर्मा, जयसिंहपुरा खोर, सांगानेर सदर, मुहाना, कालवाड़ एवं ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई की। इस दौरान आबकारी अधिनियम में सात प्रकरण दर्ज कर रेखा सांसी निवासी मुहाना, राकेश कुमार मालावत निवासी विश्वकर्मा जयपुर, सुरेश चन्द जोगी निवासी आंधी जिला जयपुर, जगदीश सैन निवासी सांगानेर सदर जयपुर,राजू सांसी निवासी मुहाना जयपुर, दिग्विजय सिंह शेखावत निवासी करधनी और अजयवीर सिंह को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### उत्कर्ष संस्था का कार्यक्रम संपन्न



**जयपुर**। रामनगररिया जगतपुरा में संचालित उत्कर्ष संस्था में 26 जनवरी को 75वें गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। दिव्यांगों बच्चों ने इस समारोह में प्रस्तुतियां दी। दरअसल उत्कर्ष संस्था पिछले 5 वर्षों से दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही है, ताकि उनकी प्रतिभा सभी लोगों के सामने आए। इस अवसर पर रामनगरिया निवासी चौथमल, नैनुराम, लल्लूराम, तेजराज, विष्णु, बैंक ऑफ बडौदा के मुख्य प्रबंधक दिनेशचंद यादव, पी.एन.बी. के पूर्व मैनेजर सुनील कक्कड, सीए कन्हैयालाल चौधरी व दृष्टि सेवा संस्था की टीम मौजूद रही। उत्कर्ष संस्था सचिव उगंता चौधरी ने दिव्यांग बच्चों के विकास को ध्यान में रखते हुए संस्था को निरंतर विकास के पथ पर ले जाने का प्रण लिया। संस्था की अध्यक्ष लक्ष्मी जादौन ने बताया कि दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहन प्रस्तुतियां दी, इसके बाद उन्हें सम्मानित भी किया गया।

### हरे कृष्णा मूवमेंट का हैरिटेज फेस्ट शुरू



**जयपुर**। राजस्थान के सबसे बड़े कल्चरल हेरिटेज फैस्ट का सोमवार को शुभारम्भ हुआ, जिसमें जयपुर के अलग अलग स्कूलों के बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग से भाग लिया। हरे कृष्ण मूवमेंट विगत पंद्रह सालों से हर साल हेरिटेज फेस्ट का आयोजन करता आया है और इस बार का फेस्ट बहुत ही ख़ास है क्योंकि इसकी थीम भगवान् श्रीराम पर रखी गई है। गौरतलब है की हेरिटेज फेस्ट का आयोजन हरे कृष्ण कल्चरल सेंटर के सुधर्मा हाल में किया जा रहा है, जहां पर स्टेज इवेंट में आज रामायण और गीता के श्लोकों के उच्चारण की प्रतियोगिता रखी गई। इस प्रतियोगिता में एल के जी से लेकर कक्षा कक्षा बारहवी के छात्रों ने भाग लिया। विजेताओं को इनाम में 6 लाख रु. तक के पुरस्कार मिलेंगे। बच्चों को एक मिनट का समय दिया गया, जिसमे उन्होंने आँखें बंद करके भागवद गीता या रामायण के मन्त्रों का उच्चारण किया। फेस्ट के पहले दिन बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए निर्णायक मंडल में दूरदर्शन के असिस्टेंट डायरेक्टर मुरारी गुप्ता, डॉ. रानी दाधीच असिस्टेंट प्रोफेसर दर्शन संसथान और सुनील नर्नाव्लिया, डायरेक्टर, क्रेदेन्ट टीवी से उपस्थित थे।

### आचार्य विशुद्धसागर से आशीर्वाद लिया



**जयपुर**। दादा गुरु वात्सल्य रत्नाकर आचार्य विमल सागर महाराज को समर्पित श्री क्षेत्र गुरु शरणम की पत्रिका देखकर आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने आशीर्वाद दिया। वात्सल्य रत्नाकर के अन्तिम दीक्षित शिष्य उपाध्याय रत्न ऊर्जयन्त सागर महाराज की पावन प्रेरणा एवं मंगल आशीर्वाद से ए.वी.एस फाउंडेशन द्वारा जयपुर आगरा राजमार्ग पर बनाये जा रहे तीर्थ के भूमि पूजन शिलान्यास की पत्रिका का अवलोकन कराते हुए फाउंडेशन के महामंत्री सुखानंद काला एवं गुणमाला काला ने 25 जनवरी को किये गए भूमि पूजन एवं शिलान्यास की एवं आचार्य विमल सागर महाराज की प्रतिमा को विराजमान होने के बारे अवगत कराया। आचार्य श्री ने उपाध्याय व आयोजकों को इस कार्य की सफलता हेतु मंगल आशीर्वाद दिया। साथ मे उपस्थित अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के जयपुर अध्यक्ष भागचंद जैन, मनोरमा जैन मित्रपुरा ने भी आचार्य श्री से मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

## 108 आपात कालीन सेवाएं अगले 6 माह तक आवश्यक घोषित

**जयपुर**। राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर राज्य में 108 आपात कालीन सेवाओं के साथ 104 जननी एक्सप्रेस सेवा, ममता एक्सप्रेस, 104 चिकित्सा परामर्श सेवाओं एवं कॉल सेन्टर सेवाओं को अगले 6 माह के लिए आवश्यक सेवा घोषित कर दिया है।

गृह विभाग के शासन उप सचिव महेश कुमार शर्मा ने बताया कि 108 आपात कालीन सेवाओ के साथ-साथ 104 जननी एक्सप्रेस सेवा, ममता एक्सप्रेस, 104 चिकित्सा परामर्श सेवाओं एवं कॉल सेन्टर सेवाओं में हडताल होने से सेवाओं के प्रदाय व अनुरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिसके परिणामस्वरूप जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड सकता है।

# आई.डी.ई. बूटकैंप में ऊर्जा संसाधनों के महत्व पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के साथ शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय "इनोवेशन, डिजाइन एवं एन्त्रोप्रन्योरशिप बूटकैंप" का उद्घाटन समारोह शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) और वाधवानी फाउंडेशन के बीच 29 जनवरी को एसकेआईटी, जयपुर में बैठक हुई।





प्रो. टी.जी. सीताराम, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अध्यक्ष ने इस आयोजन की मेजबानी करने वाले 10 नोडल केंद्रों पर आई.डी.ई. बूटकैंप का ऑनलाइन उद्घाटन किया। एसकेआईटी के चेयरमैन सुरजाराम मील ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने एक सफल और सार्थक उपलब्धि के लिए मूल्यों, दृढ़ संकल्प एवं टीम प्रयास के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. एन.पी.पाढ़ी ने ऊर्जा संसाधनों के महत्व पर जोर दिया एवं ऊर्जा संसाधनों का महत्वपूर्ण रूप से उपयोग करने के लिए नवीन विचारों के साथ आने पर ध्यान केंद्रित किया।

विशिष्ट अतिथि महावीर प्रताप शर्मा, अध्यक्ष टीआईई इंडिया एंजल्स एवं रेन (राजस्थान एंजल्स) ने "आईसीई" यानी नवाचार, निर्माण एवं निष्पादन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्ट-अप संस्कृति अर्थव्यवस्था को कई गुना बढ़ावा देगी। अंकुश प्रकाश शर्मा, इनोवेशन ऑफिसर, शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, भारत सरकार, ने कहा कि इस बूटकैंप की परिकल्पना माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रस्ताव पर की गई है, जिनका विज़न है कि हमारे इन्नोवेटर्स को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। बूटकैंप के एसपीओसी प्रो. पुनीत शर्मा ने परिचयात्मक भाषण दिया एवं प्रतिभागियों को जिसमें अटल टिंकरिंग लैब जयपुर, से चुने गए प्रतिभगी, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के छात्रों को एक उद्यमशील कैरियर को आगे बढ़ाने के लिए बूटकैंप का महत्व बताया गया। आईआईसी, एसकेआईटी के उपाध्यक्ष सुभ्रोजीत गुप्ता ने धन्यवाद दिया। उद्घाटन के बाद प्रतिभागियों ने प्रदर्शनी में अपने विचारों का प्रदर्शन किया। आइस-ब्रेकिंग और टीम परिचय, उद्यमियों के लिए डिज़ाइन थिंकिंग, अपना प्रवाह ढूंढें: सेल्फ डिस्कवरी जैसे सत्र आयोजित किए गए। दिन का समापन छात्र बातचीत और फीडबैक एवं टेकअवे के साथ हुआ।

# ठेकेदार ने 'सीमेंट सड़क' बनाकर मनमर्जी से डामर का काम रोका

## अजमेर रोड पर सांझरिया में आधी-अधूरी सड़क बनी लोगों की मुसीबत

**जयपुर** (कासं)। अजमेर रोड पर सांझरिया में आधी-अधूरी सड़क बनाने वाले ठेकेदार पर जेडीए के इंजीनियर्स ने जमकर मेहरबानी दिखाई। ठेकेदार ने अपने फायदे के लिए यहां पर सीमेंट सड़क का काम तो पूरा कर दिया, लेकिन अब डामर रोड बनाने के बजाय काम बंद कर दिया। जेडीए के जोनल इंजीनियर्स ने सड़क निर्माता ठेकेदार को नोटिस देकर उस पर कार्रवाई करने के बजाय उसके आधे-अधूरे काम का बिल भी पास कर दिया। जबकि सीमेंट सड़क में भी कई जगहों पर खामियां है, लेकिन उन्हें पूरा करवाने पर भी कोई ध्यान नहीं है।

जानकारी के मुताबिक जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन 12 में सांझरिया में सड़क बनाने का काम सत्यम कंस्ट्रक्शन ने ले रखा है। इसके लिए मुख्य सड़कों पर खामियां तो छोड़ी ही है, साथ में डामर सड़क बनाने का काम नहीं किया गया। इससे रोजाना आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस आधी अधूरी सड़क से रोजाना 4 हजार से अधिक वाहन गुजरते है, इनमें भारी वाहनों की भी खासी तादाद है। ऐसे में सीमेंट सड़क भी टूटने का डर बना हुआ है। सीमेंट के जोड पर डामर की सड़क नहीं बनने से सारा वजन सीमेंट की सड़क पर आ रहा है।

स्थानीय लोगों की मानें तो सड़क निर्माता ठेकेदार ने इतनी खामियां छोड़ रखी है कि सड़क 6 महीने भी चल जाए तो काफी होगी। सड़क बनाने के लिए पहले जीएसबी, पीसीसी होना जरूरी है उसके बाद सीसी (सीमेंट सड़क) बनाई जानी चाहिए। सी.सी. भी रोड मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) से करने की स्वीकृति जी शिड्यूल में ले रखी है और मौके पर मिनी प्लांट लगा कर ट्राली से सड़क बनाई जा रही है। सड़क में कहीं

- **जेडीए के इंजीनियर्स ने ठेकेदार को नोटिस देने के बजाय आधे काम का ही 70 लाख रु. भुगतान कर दिया**

जीएसबी तो कहीं पीसीसी नहीं करके ठेकेदार को फायदा पहुंचाया जा रहा है। जोन के इंजीनियर्स मौके पर जाकर चैक भी कर आए और उन्होंने भी सड़क की गुणवत्ता सही होने का सर्टिफिकेट दे दिया। इस बीच सड़क बनाने वाले ठेकेदार काम को भी अधूरा छोड़ गया है। मौके पर कई जगह खामियां साफ नजर आ रही है।

जेडीए को जोन 12 के सहायक अभियंता को इस काम का बिल पास करने की इतनी जल्दी है कि उन्होंने काम भी पूरा नहीं कराया और लगभग 70 लाख रुपए का बिल भी भुगतान के लिए मंजूर कर दिया। मौके पर कई जगह पर सीसी की मोटाई भी कम है। इससे सड़क छह महीने भी चलना मुश्किल है। जेडीए के ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए सीमेंट सड़क मुख्य रोड को छोड़कर गलियों तक में लोगों के घरों तक बना दी गई। इसके लिए हालांकि बजट में ही स्वीकृति ले ली गई थी, जबकि जोन के इंजीनियर्स यह बहाना लगा रहे है कि लोग उन्हें घरों तक काम कराने का दबाव बना रहे है, जबकि असली फायदा ठेकेदार को हो रहा है। उसका बजट बढ़कर डबल हो गया।

इधर अजमेर रोड पर मुकुंदपुरा रोड पर सड़क में गहरे गड्ढे हो चुके हैं और जोन के इंजीनियर काम शुरू नहीं करा रहे हैं। यह सड़क भांकरोटा से मुकुंदपुरा, बासडी पर गांव की इस सड़क पर रोजाना सैकडों वाहन गुजरते हैं। स्थानीय निवासियों ने सीएम के पोर्टल पर भी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

## 'दोपहर 3 बजे डोटासरा बोले कि "5 बज गए" विधायकों ही हंसी छूटी'

**जयपुर**। ईआरसीपी को लेकर सोमवार को सुबह विधानसभा में हंगामा हो गया था, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि शाम 5 बजे सरकार से बात करके इसकी व्यवस्था दी जाएगी। जैसे ही दोपहर के 3 बजकर 3 मिनट हुए तो कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि 5 बज गए, व्यवस्था दो। दरअसल सदन में डिजिटल घड़ी लगी होती है, जिसमें 24 घंटे के फॉर्मेट में टाइम चलता है, जैसे ही डोटासरा ने यह कहा तो सदन में बैठे विधायक उनकी गलती पर हंसने लगे।

दरअसल सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर भादरा विधायक संजीव बेनीवाल बोल रहे थे। उस समय घड़ी में 15 बजकर 3 मिनट का समय हो रहा था। डोटासरा अचानक अपनी जगह से खड़े हुए कि बोले 5 बज गए हैं, ईआरसीपी को लेकर व्यवस्था दो। इस पर दोनों पक्ष के सदस्य हंसने लगे। सत्ता पक्ष से कहा गया कि डोटासरा जी नींद में हो क्या? इस पर डोटासरा को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने तपाक से कहा कि चेयर का दिमाग टेस्ट कर रहा हूं। आपको तकलीफ है क्या? उस समय चेयर पर सभापति संदीप शर्मा थे। उन्होंने कहा कि समय का ध्यान नहीं रखोंगे तो गड़बड़ हो जाएगी, डोटासरा साहब। बाद में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने ईआरसीपी को लेकर व्यवस्था दी कि मंगलवार को इस पर चर्चा होगी।

## पेपरलीक व लाल डायरी दोनों मुद्दों में दम नहीं निकला : हरीश चौधरी

**जयपुर** (विसं)। कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के राजस्थान दौरे में दो ही मुद्दे उठाए गए, एक पेपर लीक और दूसरा लाल डायरी। जबकि दोनों में ही कोई दम नहीं निकाला। उन्होंने कहा कि पेपर लीक में गत सरकार ने एसआईटी गठित की थी, फिर भी नई सरकार ने दोबारा गठन कर दिया, लेकिन 2 माह हो गए अभी तक कुछ भी कार्यवाही नहीं हुई है। सिर्फ बातें ही हुई हैं। इससे राजस्थान का भला होने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि लाल डायरी के नाम पर षड्यंत्र रचा गया था। प्रधानमंत्री के मुंह से भी इसको लेकर आरोप लगवाए गए। यह सब राजस्थान में वोट लेकर सरकार बनाने के लिए झूठ बोला गया। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी में राजस्थान को पानी ज्यादा मिला तो हम जरूर धन्यवाद देंगे लेकिन प्रदेश के लोगों के साथ धोखा बर्दाश्त नहीं करेंगे।

तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ ने कहा कि विपक्ष कहता है कि यह चुनाव हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लडा है। हम आपको बताना चाहते हैं कि निश्चित रूप से लड़ा है और दुनिया के एकमात्र नेता ऐसे हैं, जिनके नाम से केवल विधानसभा-लोकसभा ही नहीं, अभी तो वार्ड पंच का चुनाव भी उनके नाम से लडा जाता है और जीत जाता है। यह दुनिया के एकमात्र नेता हैं और आज हमें गर्व हैं, हमारे प्रधानमंत्री पर, हमारी पार्टी की विचारधारा पर। उन्होंने कहा कि यह जो आप कहते हो कि हमारी पर्ची

- **गर्व है कि मोदी के नाम पर वार्ड पंच का भी चुनाव जीता जाता है : बाबा बालकनाथ**

की सरकार हैं। तो मैं आपको बता दूं कि यह पर्ची तो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। इस पर्ची से ही गांव में रहने वाले, छोटे से कार्यकर्ता यहां तक पहुंचे हैं। यह हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था से चलने वाली पार्टी है। जो किसी भी कार्यकर्ता को ऐसा अवसर देती कि उसको मुख्यमंत्री बनाती है। महंत बालमुकुंद आचार्य ने अभिभाषण में चर्चा में भाग लेते हुए भगवान राम और उनकी नीतियों की बात कही तो विपक्ष में इसका विरोध करते हुए कहा कि सदस्य अभिभाषण पर बोल रहे हैं या राम पर! इसको लेकर सदन में थोड़ा हंगामा हुआ, तो विधायक ने लिखा हुआ भाषण पढ़ना शुरू कर दिया। विपक्ष में इसका भी विरोध किया तो बाद में टोका टाकी और शोर शराबे के बीच उन्होंने मोदी सरकार की नीतियों और केंद्र की उपलब्धियों को बताया और कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रदेश चौ तरफ उन्नित कर रहा है। उनका भाषण पूरा होने पर मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की एक टिप्पणी पर गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सरकार के पास ऐसे कितने नमूने हैं। इसको लेकर सभी भाजपा विधायक अपने स्थान पर खड़े होकर जोर-जोर से विरोध करने लगे, जिसे लेकर सदन में हंगामा हो गया।



## The Property Of Duality

In physics, the observer effect is the disturbance of an observed system by the act of observation. This is often the result of utilizing instruments that, by necessity, alter the state of 'what they measure,' in some manner. A common example is checking the pressure in an automobile tire, which causes some of the air to escape, thereby changing the pressure to observe it. While the effects of observation are often negligible, the object still experiences a change (leading to the Schrödinger's cat thought experiment). This effect can be found in many domains of physics.



#SKILLS

# Make 'Learning' a Part of Your Daily Routine

In our increasingly "squiggly" careers, where people change roles, more frequently and fluidly, and develop in different directions, the ability to unlearn, learn, and relearn is vital for long-term success.





Our capacity for 'learning' is becoming the currency that we trade on, in our careers. Where we once went to work 'to learn to do a job,' 'learning' now is the job. Adaptive and proactive learners are highly prized assets for organizations, and when we invest in our learning, we create long-term dividends for our career development.

However, it's not as simple as acquiring new knowledge. In our increasingly "squiggly" careers, where people change roles, more frequently and fluidly, and develop in different directions, the ability to unlearn, learn, and relearn is vital for long-term success. So, based on our research, we've identified several techniques and tools to help you make 'learning,' a part of your day-to-day development.

### Learning

Since we spend so much of our time, energy, and efforts at our day jobs, they provide the most significant opportunities for 'learning.' The challenge is that we don't invest intentionally, in everyday development. We're so busy with tasks and getting the job done that there's no space left for anything else. Deprioritizing our development is a risky career strategy because it reduces our resilience and ability to respond to the changes happening around us. Here are three ways to take ownership of your learning at work.

- **Learn from others**

The 'people you spend time with' are a significant source of knowledge. Creating a diverse learning community will offer you new perspectives and reduce the risk that you'll end up in an echo chamber. Set a goal of having one curiosity coffee each month, virtually or in person, with someone whom you haven't met before. This could be someone in a different department who could help you view your organization through a new lens or someone in your profession at another company who could broaden your knowledge. Not only does this create the chance for new connections, but you might also benefit from a direct introduction.

- **Experiment**

Experiments help you test, learn, and adapt along the way. There are endless ways in which you can experiment at work, for example, using different tools to increase the interactivity of your virtual presentations, exploring the impact of camera-on versus camera-off meetings, switching from video to phone calls, or even trying out new negotiation tactics.

For an experiment to be effective, it needs to be a conscious choice and labelled as an 'opportunity for learning.' Keep a *learn-it-all log* where you track the experiments you're running and what you're learning, along the way. It's important to remember that you should expect some experiments to fail, as that's the nature of exploring the unknown.

- **Create a collective curriculum**

In a squiggly career, everyone's a learner and everyone's a teacher. As a team, consider how you can create a 'collective curriculum,' where you're learning from and with each other. We've seen organizations effectively use *skills swaps*, where individuals share one skill which they're happy, to help other people 'learn.' This could look like a creative *problem-solver offering* to share the processes and tools that they find most helpful or someone who has expertise in coding, running beginner lunch-and-learn sessions. Skills swaps are a good example of democratized development where everyone has something to contribute and is learning continually.

### Unlearn


Unlearning means letting go of the safe and familiar and replacing it with something *new and unknown*. Skills and behaviours that helped you get to where you are can actually hold you back from getting to where you want to be. For example, a leader might need to unlearn their default of always 'being the person who speaks first' in meetings or a new manager might need to unlearn always saying "yes," as their workload increases.

During the pandemic, we were all forced to unlearn some aspects of our lives, like how we collaborated on work or what school looked like for our kids.

### Relearning

Relearning is recognizing that 'how we apply our strengths' is always changing and that our potential is always a 'work in progress.' We need to regularly reassess our abilities and how they need to be adapted for our current context. For example, collaboration remains as important as ever, but maybe, you're relearning how to do it in a hybrid world of work or maybe, you've made a career change and you're relearning what it looks like, to transfer your talents to a new setting.






The interior view of HAL's Bangalore plant. Credit: A clipping from The Miami News, February 11, 1945. Newspapers.com.

# A CIA Spy Sets up India's First Aircraft Factory

Over the next few months, while the company continued manufacturing, it took on the additional duty of repairing aircraft, damaged in the war effort. This was a busy time for HAL. Japanese forces were advancing towards India and to push them back, Allied pilots (some of them were members of the "Flying Tiger force") had to make treacherous flights over the eastern Himalayas.



William Douglas Pawley. Credit: A clipping from The Miami News, February 11, 1945. Newspapers.com.

#TRUE TALES

■ **Anu Kumar**

A clipping from 'The Miami News, February 11, 1945. | Newspapers.com'

In October 1939, two entrepreneurs found themselves on the same Pan American flight from Honolulu to Hong Kong. One was William Douglas Pawley, the president of one of the largest aviation companies in East Asia and the other was Walchand Hirachand, the chairman of the first *swadeshi* shipping firm, Scindia Steam Navigation Company, who had business interests in construction, insurance and sugar industries.

The two got talking about their shared interest, aviation.

Pawley was an experienced hand at setting up aircraft manufacturing facilities and Hirachand, a vocal critic of colonial economic policies, wanted India to build its own transportation capabilities on the road, in water and up in the air. As the story goes, "Walchand promptly asked Pawley if he was willing to help open a factory in India," and from that conversation emerged India's first aircraft factory, 'the Hindustan Aircraft Limited.'

### Plant in Bangalore

It is a story detailed by historian, Aashique Ahmed Iqbal, in his book, '*The Aeroplane and the Making of Modern India*.' Pawley and Hirachand's ambitions combined with the needs of the Allied powers during World War II to create 'a company' in August 1940 that is still going strong. What helped in the journey was the support of the Mysore Government, which not only contributed 50% of the initial capital but also gave Hindustan Aircraft Limited land in Bangalore for its factory.

HAL produced its first military aircraft, a 'Harlow PC-5 trainer,' the very next year in August. But in 1942, it was nationalised by the British Indian government and handed over to Americans to manage. With this turn of events, Pawley found himself heading the HAL plant's operations.

Over the next few months, while the company continued manufacturing, it took on the additional duty of repairing aircraft, damaged in the war effort. This was a busy time for HAL. Japanese forces were advancing towards India and to push them back, Allied pilots (some of them were members of the "Flying Tiger force") had to make treacherous flights over the eastern Himalayas.

> Pawley was born in 1896 in Florence, South Carolina, to a wealthy businessman father. He studied in private schools and a military academy, but it was business that he had a real flair for. His first job was with an export company that sent him to Peru.

As it happened, Pawley was familiar with the "Flying Tiger force." But to trace that story, it is useful to first know how he got into the aviation industry.



Pawley on a hunt. Credit: A clipping from The Miami News, February 11, 1945. Newspapers.com.

### Stealthy *guerrillas*

Pawley was born in 1896 in Florence, South Carolina, to a wealthy businessman father. He studied in private schools and a military academy, but it was business that he had a real flair for. His first job was with an export company that sent him to Peru to sell paraffin for candles. From there, he switched to selling real estate in Florida, before moving to China as a representative of a US company that manufactured navigational equipment.

In China, he struck a friendship with Generalissimo Chiang Kai-shek, the military strongman who controlled large parts of the nation, as well as his brother-in-law, the wealthy banker, T.V. Soong. These relationships would prove useful for Pawley. In 1937, after China and Japan went to war, he collaborated with Kuomintang, the nationalist party led by Chiang, to head the Central Aircraft Manufacturing Company, or CAMCO, which assembled American Hawk military planes.

As the Japanese advanced across eastern China, Pawley ensured that CAMCO and its entire operations moved in tandem with the retreating Kuomintang army. From Hangzhou in the east, he took the company to Wuhan in the southwest and then south to Loiwing, on the border with Burma. This wasn't all. For a while, with his brothers, Edward and Eugene, Pawley ran a facility outside Rangoon for repairing H-75 and P-36 monoplanes, but when the Japanese advanced north, from Southeast Asia in 1941, this too had to be moved to Loiwing.

It was around the same time that the American Volunteer Group, or the Flying Tigers was formed. A "stealthy guerilla flying group,"numbering around 100, these airmen flew from San Francisco to Rangoon using fake passports. Once there, historian Anthony Carozza says that they registered as CAMCO mechanics and flying instructors for cover, but went on to conduct sorties over Japanese-occupied Thailand and southern Myanmar. Flying over this dreaded Himalayan region, called the Hump, was not without danger. Both men and machinery were lost in the operations, but it also brought the Flying Tigers, fame for their skill and daredevilry. In part, their success was due to Pawley's skills as a logistician and coordinator, although, credit is often given to Claire Lee Chennault, the American aviation advisor to China. Pawley knew how to get things done. When the heat from the war intensified, his ability to liaise with different groups and his emphasis on planning enabled him to dismantle the Loiwing operations of CAMCO and move them to Bangalore. As fortune would have it, this retreat dovetailed well with British India's strategic interests and the ambitions of the enthusiastic nationalist industrialist, Walchand Hirachand.

> In actual fact, though, he was a covert agent for the Central Intelligence Agency. In this role, he ensured American support for the ruthless Dominican dictator, Rafael Trujillo and aided the CIA in deposing Guatemalan president, Jacobo Árbenz in 1954.

### CIA agent

Pawley earned a reputation as a go-getting businessman, a middleman who insisted on his commission, and an agent who knew the right people in the right place at the right time. His forte was setting up 'aircraft factories' but that didn't stop him from trying to build a fertiliser plant in Travancore state with American help. He could see that there was a need for such a plant. Britain's scorched-earth tactics in Bengal and Burma, to counter Japanese advance, had caused a drastic decline in rice production. A boost was needed and, in 1944, Pawley began negotiations with the princely state of Travancore and the British government to set up a plant to manufacture ammonium sulfate.


In an article for the Miami Daily News, he explained his plans. The "rehabilitation of India was one of the great postwar problems of the world," he said. "By partnering together," he wrote, "the United States and British could not only industrialise India and develop its agriculture, but also provide additional employment to thousands of Americans and Britons engaged in war work."

Unluckily, for Pawley, the project was doomed from the start. "Complications between the dollar exchange ratio" and Britain's hesitation about "larger American involvement in India" made sure that the project did not take off. When it was finally commissioned, it was because the British Imperial Chemical Industries stepped in with government support.

After the war, Pawley became an American diplomat, serving as the ambassador to Peru and Brazil. In actual fact, though, he was a covert agent for the Central Intelligence Agency. In this role, he ensured American support for the ruthless Dominican dictator, Rafael Trujillo and aided the CIA in deposing Guatemalan president, Jacobo Árbenz in 1954.

Pawley died in 1977 at the age of 80. In later life, he attracted withering criticism and grudging admiration in equal measure for his insistence on an aggressive American foreign policy. His worldview could be judged from just the title of his unpublished memoir, *Russia is Winning*.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



The Loiwing airplane plant on the China-Burma border built by Pawley. Credit: A clipping from The Miami News, February 11, 1945. Newspapers.com.

#J'ADORE

# Transform Your Look

Expensive-looking, "lived in" colour is 100% in.

As we look to 2024 *hair colour trends*, there's one throughline that shines brightly, 'quiet luxury.' We've seen this in fashion via unbranded garments and accessories that exude sophistication and expensive taste, and that's exactly the energy being brought to hair colour. Think subtle, effortlessly gorgeous dye jobs that look 'lived in' and 'authentic' versus extreme statement making shades.

Basically, this year's all about finding hair colour that naturally suits you and nourishing your strands so that they look gorgeous, shiny, and healthy.

Here are some of the top *2024 hair colours* to consider, ahead of your upcoming hair appointment.



### Buttercream Blonde

A *buttercream blonde* is a warmer, more golden variation of blonde, with subtle undertones of cool, icy blonde for a multi-dimensional look. This colour works best on a dark blonde to very light ash brown colour base.

### Cowboy Copper

We saw the *cowboy copper* trend take off late 2023, and it's only grown in popularity since then. This trend hit hard and it doesn't seem to be going away anytime soon. It's a beautiful hue that mixes true copper and chestnut brown.





### Expensive Brunette

Vibrant *brunette tones* that give 'luxurious and expensive energy' are going to carry on strongly well into 2024. This high-shine, glossy look really complements what we're seeing on the runways this year, as well. With all of these lighter, pastel tones in clothing, a bolder, richer hair colour acts as the perfect contrast.



### Ginger Red

While cowboy copper has enjoyed a rodeo-sized amount of traction, experts predict that we'll also see a warmer variation of this hair colour in 2024 as people put their own spin on the look, *Ginger Red*.

This is a luxurious rich warm orange-y, ginger-toned red and it's so striking when done correctly. You'll start with a semi-permanent rinse of copper to reddish brown base colour, then weave in a few highlights around the crown and even paint in some deeper red to light brown lowlights to give dimension.

### Chestnut Brown

*Chestnut brown hair colour* is another major trend rising in 2024 and is a great way to spice up a more traditional 'brunette hue.' A spin off of the expensive brunette, this colour adds richer and deeper golden tones. We are also seeing this trend with some dimension and with a 'face frame balayage.'




### Iced Tea Hair



Another variation of the cowboy copper is a pale, pretty reddish-gold hair color that has a sort of "iced tea" aesthetic. It's got this great 'combination of classic warmth and modern freshness' that really delivers a beautiful look and can work well on a lot of skin tones.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अवैध शराब के 556 कार्टन से भरा हुआ कंटेनर जब्त, दो गिरफ्तार



अवैध शराब परिवहन करने के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार किया।

**बाड़मेर** (निसं)। बाड़मेर ग्रामीण थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध शराब के 556 कार्टून से भरा कंटेनर ट्रक जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बरामद शराब की कीमत करीब 70 लाख रूपए आंकी गई है। गौरतलब है की बाडमेर पुलिस द्वारा विगत 5 दिनों में अवैध अंग्रेजी शराब से भरे 3 ट्रक, दो एसयुवी वाहन जब्त कर करीबन 2.5 करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करने में बेहतर कामयाबी हासिल की गई है।

पुलिस अधिक्षक दिगंत आनंद ने जानकारी देते हुए बताया की ग्रामीण पुलिस थाना व जिला स्पेशल टीम द्वारा डीएसटी की सूचना पर मुलजिम सुखदेव सिंह व हरदेवसिंह को अवैध अंग्रेजी शराब के 556 कार्टन से भरा हुआ कंटेनर ट्रक के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 70 लाख रूपये आंकी गई है। एसपी दिगंत आनंद ने बताया की टीम गठन वर्ष 2024 की पुलिस प्राथमिकता तथा राज्य सरकार की सौ दिवसीय कार्ययोजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु जिला स्पेशल टीम को संगठित अपराधियों, गैग्स का चिन्हिकरण व उन्मूलन, अवैध शराब व मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम तथा वांछित अपराधियों की धरपकड के के लिए जिला स्पेशल टीम एवं थानाधिकारी पुलिस ग्रामीण सवाई सिंह की एक संयुक्त टीम का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

जिसके क्रम में जिला स्पेशल टीम द्वारा निगरानी प्रारम्भ की गई। अवैध शराब तथा मादक पदार्थ तस्करी गैंग पर निगरानी के दौरान गठित पुलिस टीम के कांनिस्टेबल भूपेन्द्र सिंह को ईतला मिली कि शिव की तरफ से एक कंटेनर ट्रक पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब से भरा हुआ बाड़मेर की तरफ आ रहा है, जो बाड़मेर से होते हुए सांचौर की तरफ जायेगा। जिस पर गठित टीम द्वारा ग्रामीण थाने के आगे नाकाबन्दी कर ईतलानुसार एक कंटेनर ट्रक को रूकवाकर वाहन की तलाशी ली गई तो वाहन में पंजाब निर्मित सौ कार्टन रॉयल स्टैग, 256 कार्टन मेकडॉल्स नम्बर 1 एवं दो सौ कार्टन रॉयल चैलेंज, इस प्रकार कंटेनर ट्रक में पंजाब निर्मित कुल 556 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब के बरामद करने में सफलता हासिल की गई। कंटेनर ट्रक में सवार आरोपी सुखदेव सिंह सन्धु पुत्र बगीचा सिंह जाति जट सिख निवासी मलावाला बस्ती मूध पुलिस थाना मलावाला जिला फिरोजपुर, पंजाब व हरदेवसिंह पुत्र अर्जन सिंह जाति जट सिख निवासी हरिके पुलिस थाना हरिके ,जिला तरनतारण, पंजाब को मौके से दस्तयाब किया गया। इस सम्बन्ध में पुलिस थाना ग्रामीण बाड़मेर में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अवैध अंग्रेजी शराब खरीद फरोख्त के बारे में अग्रिम अनुसंधान व विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# सभी 25 लोकसभा सीट जीतकर केंद्र को भेंट करेंगे : पंचारिया



भीलवाड़ा में भाजपा का लोकसभा कार्यालय का उदघाटन किया।

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर भाजपा जिला कार्यालय पर प्रदेश के प्रथम लोकसभा क्षेत्र कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं क्लस्टर प्रभारी नारायण पंचारिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी रतनलाल गाडरी, सांसद सुभाष बहेड़िया, जिला प्रमुख बरजी देवी भील, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, सभापति राकेश पाठक के सान्निध्य में किया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा पाठ के साथ विधिवत रूप से लोकसभा कार्यालय के उद्घाटन के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष पंचारिया ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना तय है और प्रदेश से भी सभी 25 लोकसभा सीटें जीतकर केंद्रीय नेतृत्व को भेंट करेंगे। इससे पूर्व जिला कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश उपाध्यक्ष का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, बाबूलाल आचार्य, छैल बिहारी जोशी, जिला महामंत्री राजकुमार आंचलिया, वेदप्रकाश खटीक, भगवती प्रसाद जोशी, गोपाल तेली, प्रतिभा माली, जिला कोषाध्यक्ष ललित अठावाल, सह कोषाध्यक्ष पंकज मानसिंहका, सोशल मीडिया संयोजक अजीतसिंह केसावत, सहसंयोजक मीनाक्षी नाथ, आकाश मालावत, सहाड़ा विधानसभा संयोजक राधेश्याम छीपा, मंडल अध्यक्ष घनश्याम सींगीवाल, अनिलसिंह जादौन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू पालीवाल, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष पूरण डीडवानिया, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश सेन, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, मुरलीधर जोशी, रितुशेखर शर्मा, मुकेश शर्मा देबू, गोपाल सोनी, भरतसिंह राठौड़, उमाशंकर पारीक,आरती कोगटा, मधु शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पर्यवेक्षण के लिए बोलेरो गाड़ी रवाना की



सहायक अभियंताओं के लिए निरीक्षण के लिए विधायक रामलाल ने गाड़ी रवान की ।

**चौमूं/कालाडेरा** ( निसं ) पंचायत समिति गोविन्दगढ़ में सहायक अभियंताओं के लिए निरीक्षण के लिए विधायक कोष से 11.88 लाख में नई बोलेरो गाड़ी क्रय की गई है। जिसका शुभारंभ आज पंचायत समिति गोविन्दगढ़ में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने नई बोलेरो को चलाकर किया।

इस दोरान अतिथियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। गोरतलब है कि सत्र 2023-24 के दोरान निरीक्षण पर्यवेक्षण पंचायत समिति में सहायक अभियंताओं के लिए 12.10 लाख रुपये की अनुशंसा विधायक कोष से की थी। इस मोके पर गोविन्दगढ प्रधान रामस्वरूप यादव, धोबलाई सरपंच रमेश शर्मा, गोविन्दगढ विकास अधिकारी भगीरथ मल मीणा, सहायक अभियंता राजेन्द्र जांगिड़ महावीर चौधरी, सुरेश कुमार, मनीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## युवक ने पेड़ से लटककर जान दी

**किशनगढ़ बास।** नगर पालिका किशनगढ़ बास के बासडा गांव के 25 वर्षीय युवक ने पेड पर लटककर खुदकुशी की। स्टैंड के पीछे सेन समाज मंदिर के पास की कॉलोनी के एक पेड़ पर सुबह जब लोगों ने युवक को लटका देखा तो युवक की पहचान बासड़ा निवासी शंकर मेघवाल के रूप में हुई।

पडोस के गांव बांसडा में युवक के पेड़ पर लटककर खुदकुशी करने की बात लोगों को मालूम पड़ने पर पहुंच कर देखा तो युवक के परिवार जनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर युवक के परिजनों ने देखा तो पेड़ पर लटके युवक का नाम शंकर बताया। पुलिस ने पहुंच कर युवक के पेड पर लटके शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने बताया कि युवक शंकर सिंह पुत्र रोशन लाल मेघवाल गांव बांसड़ा निवासी किशनगढ़ बास में रेडीमेड शोरूम पर नौकरी करता था। रविवार रात्रि 10:00 बजे करीब खाना खाकर युवक शंकर टहलने के लिए निकला था। रात्रि को वापस घर पर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने आसपास तलाश किया लेकिन कहीं युवक शंकर का पता नहीं लगा। सुबह सूचना मिलने पर पहुंचकर परिजनों ने देखा तो शंकर मफलर का फंदा बनाकर पेड़ पर लटका हुआ था।


# अजमेर रेंज के 34 उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

## रेंज आईजी लता मनोज ने पदक देकर हौंसला अफजाई की

**अजमेर,** (कासं)। पुलिस लाइन में सोमवार को वर्ष 2020-21 में उत्कृष्ट और अति उत्कृष्ट कार्य करने वाले अजमेर रेंज के सात जिलों के 34 पुलिसकर्मियों को रेंज आईजी लता मनोज कुमार ने पदक देकर सम्मानित कर पुलिस कर्मियों की हौंसला अफजाई की।

अजमेर के पुलिस लाइन में सोमवार को रेंज के सात जिलों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में पहुचीं, रेंज आईजी लता मनोज कुमार को पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कार्यक्रम में अजमेर एसपी चूनाराम जाट, एडिशनल एसपी वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अजमेर रेंज आईजी लता मनोज कुमार ने बताया कि अजमेर में रेंज के 7 जिलों के पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट और अति उत्कृष्ट पदक वितरित किए हैं। 34 पुलिसकर्मियों ने अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दी, जिन्हें पदक देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के समारोह पुलिसकर्मियों के अच्छे कार्यों को दर्शाता है। इसके साथ ही उन्हें और अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे समारोह अन्य पुलिसकर्मियों को भी बेहतरीन काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सभी पुलिसकर्मियों को उनके सम्मानित होने पर शुभकामनाएं देती हूॅं।



पुलिस कर्मी को पदक देकर सम्मानित करते हुए आईजी तथा सम्मानित पुलिस अधिकारी व जवान।

# आयोग ने सूचियों में अभ्यर्थियों का काउंसलिंग कार्यक्रम जारी किया

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत जारी कुल 6 विषयों की विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग कार्यक्रम जार ी किया गया है। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा के तहत पात्रता जांच के लिए 8 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक अंठोजी, सामाजिक विज्ञान, हिंदी, गणित, संस्कृत तथा विज्ञान विषय की विचारित सूचियां जारी की गई थी। इन सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी 2024 तक आयोग कार्यालय में निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा।

काउंसलिंग के लिए काउंसलिंग लेटर, आयोग वेबसाइट से विस्तृत आवेदन-पत्र एवं आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर विस्तृत आवेदन-पत्र (दो प्रतियों में) समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर संबंधित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों के साथ विषयवार तथा रोल नंबर अनुसार निर्धारित दिनांक व समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग के लिए पृथक से कोई ऑफलाइन पत्र जारी नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग द्वारा अपलोड किये गए पात्रता प्रपत्रों व काउंसलिंग -पत्र के साथ आवश्यक दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करते हुए दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें। काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होना होगा अन्यथा काउंसलिंग से वंचित कर दिया जाएगा। इसमें अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी अंतिम परिणाम में विचारित नहीं किए जाएंगे। इस संबंध में अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

## अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन 5 को

**जालोर,** (कासं)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2023 के तहत वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या धाम की तीर्थ यात्रा करवाने के लिए विशेष ट्रेन 5 फरवरी को जोधपुर रेल्वे स्टेशन से वाया मेडता रोड़ रवाना होगा। देवस्थान विभाग जोधपुर के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत वर्ष 2022 में पंजीकृत यात्री जिन्होंने पूर्व में इस योजनान्तर्गत निःशुल्क यात्रा नहीं की हैं और अयोध्या धाम जाने के इच्छुक हैं, वे कार्यालय में 30 जनवरी तक अपनी सहमति दे सकते हैं।

# सांड के मुंह में विस्फोट कर हत्या करने के मामले में एक गिरफ्तार

**रायसिंहनगर।** आटे के पेड़े में बारूद भरकर सांड के मुंह में विस्फोट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार वीरसैन उर्फ बबलू भाटी पुत्र रामकुमार ने पोल्स थाने में मामला दर्ज करवाया था कि सुनारावाली ढ ाणी व ठाकरी की रोही के नजदीक एक गोधे के मुंह में किसी ने विस्फोट कर दिया है, जो गंभीर हाल में था। उपचार के दौरान गोधे की मौत हो गई। जिस खेत में घायल गोधा मिला है उसके पास साहबराम बावरी की ढ ाणी है आदि रिपोर्ट पेश की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपगढ़ राजेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर कुमार बुटोलिया व वृताधिकारी अनू बिश्नोई के निकट सुपर विजन में थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में घटना का खुलासा करने और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक गोपीराम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर गंभीरता से प्रयास शुरू किए। संदिग्ध साबहराम पुत्र दयालराम जाति बावरी निवासी 29 एनपी सुनारावाली ढ ाणी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। आरोपी साहबराम बावरी की ओर से घटना कारित करना साबित होने पर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी फसल को जंगली जानवरों व अवारा पशुओं से बचाने के लिए 23 जनवरी को अपने खेत में आटे के पेड़े में बारूद डालकर खेत में रख दिया जिसको 25 जनवरी की सुबह उक्त गोधे ने खा लिया और जैसे ही चबाया तो उक्त बारूद में विस्फोट हो गया।

# जनता ने गहलोत को पाप की सजा दी : शेखावत

**जोधपुर** (कासं)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर प्यासे कंठों पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता ने उनको पाप की सजा दी है। सोमवार सुबह अपने संसदीय क्षेत्र जोधपुर पहुंचे शेखावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पूर्वी राजस्थान में सिंचाई के निमित्त स्वर्गीय अटलजी के समय पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदियों को जोड़ने की परिकल्पना की गई थी। लेकिन मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों के बीच सहमति न बन पाने के कारण परियोजना को स्थगित कर दिया गया। बाद में वसुंधरा राजे की सरकार के समय राजस्थान के पूर्वी

हिस्से के 13 जिलों में पेयजल और सिंचाई को लेकर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) की कल्पना की गई थी, लेकिन मध्य प्रदेश व राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण और अशोक गहलोत सरकार की हठधर्मिता के चलते वो भी सिरे नहीं चढ़ पाई। शेखावत ने कहा कि अशोक गहलोत इसको राजनीतिक गोटी की तरह इस्तेमाल कर रहे थे। बार-बार इसको लेकर राजनीतिक लाभ के लिए टिप्पणियां करते थे। मैंने प्रधानमंत्री से निवेदन किया था तो उन्होंने कहा कि कहीं भी रुकने से समाधान नहीं होता, इससे आगे सोचने है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने पूरे देशभर के हाइड्रोलॉजी के विशेषज्ञ और मध्य प्रदेश व राजस्थान के इंजीनियर्स को साथ बैठाकर पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना तथा ईआरसीपी को इंटीठोटेड कर एक नदी जोड़ने की परियोजना, जिससे दोनों राज्यों को लाभ हो सके, पर विचार किया। शेखावत ने कहा कि उस समय भी हमने अधिकारियों के स्तर पर चर्चा की थी, लेकिन दुर्भाग्य से, क्योंकि राजनीतिक रूप से अशोक गहलोत सरकार इसको नहीं करना चाहती थी, अधिकारियों के स्तर पर सहमति बन जाने के बावजूद भी यह नहीं हो पा रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों की सरकारी बदली और मैंने चुनाव के समय भी कहा था कि अशोक गहलोत जिस तरह से प्यासे कंठों पर राजनीति कर रहे हैं। जिस तरह से सूखी धरती और किसान की अपेक्षाओं के ऊपर राजनीति करने, अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इसको चारे और गोटी के रूप में उपयोग में लेने का पाप कर रहे हैं। इस पाप का दंश उनको निश्चित रूप से भोगना पड़ेगा। शेखावत ने कहा कि जनता ने उनको पाप की सजा दी।

## जोगेश्वर गर्ग ने रेल मंत्री को पत्र लिखा

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर चेन्नई से जोधपुर वाया भीलड़ी, जालोर, समदड़ी नियमित ट्रेन प्रारंभ करने के संबंध में पत्र लिखा है।

राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने रेल मंत्री, भारत सरकार को पत्र के माध्यम से निवेदन करते हुए बताया कि चेन्नई में निवासरत जालोर व राजस्थान के प्रवासियों द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं कि जालोर व राजस्थान के निवासी बड़ी संख्या में चेन्नई में निवासरत है । लेकिन चेन्नई से जालोर नियमित ट्रेन सुविधा नहीं होने के कारण उनको आने-जाने में काफी असुविधा होती है तथा गत दो दशक से नियमित ट्रेन चलाये जाने के लिए प्रवासियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार मांग की जा रही है। उन्होंने पत्र के माध्यम से निवदेन किया कि वर्तमान में संचालित विशेष ट्रेन (6099) को चेन्नई से जोधपुर वाया भीलड़ी, जालोर, समदड़ी नियमित संचालित किया जावें ताकि चेन्नई में प्रवास करने वाले राजस्थानी सुगमता से राजस्थान की यात्रा कर सकें।

# भंवर दिग्विजय का पाग दस्तूर, जोधपुर महाराजा की ओर से महेंद्र सिंह तंवर ने बंधवाई पाग

■ भैरुनाथ अखाड़ के महंत गंगानाथ समेत साधु संत पहुँचे आशीर्वाद देने

**जालोर,** (कासं)। मारवाड़ की पूर्व रियासत एवं जालौर क्षेत्र के प्रतिष्ठित, वरिष्ठ व सबसे पुराने ठिकाणो में शुमार बाकरा में सोमवार को भंवर दिग्विजय सिंह का ठिकाने की पुरातन गद्दी पर पगड़ी दस्तूर जोधपुर महाराजा की तरफ से महेंद्रसिंह व जितेंद्रसिंह तंवर ने पाग बंधवाकर व राज व्यास ने तिलक लगाकर किया। दिग्विजयसिंह के दादा एवं ग्राम पंचायत बाकरा के सरपंच ठाकुर भैरुसिंह का 17 जनवरी को निधन हो गया था 7 विगत पंचायत चुनावों में भैरुसिंह चम्पावत ने जालौर जिले में सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।

ज्ञातव्य रहे की इसी ठिकाणे के एक पूर्वज ठाकुर अजब सिंह ने कभी बादशाह औरंगजेब के विरुद्ध मेवाड़ मारवाड़ की संयुक्त सेना का सैन्य संचालन बालक महाराजा अजीत सिंह की रक्षार्थ सफलता पूर्वक किया था तथा कालांतर में भी इस परिवार ने अपनी वीरता, राज्य सेवा, निष्ठा के फलस्वरूप मारवाड़ राज्य से जालौर दुर्ग के स्थायी प्रतिनिधित्व का पद प्राप्त किया। जो स्वतंत्रता प्राप्ति तक अनवरत इस ठिकाणे के पास बना रहा।

महाराजा भीमसिंह के काल मे जालौर दुर्ग के घेरे में भी इस ठिकाणे के अधिपति ठाकुर मोहकम सिंह ने महाराजा मान सिंह के पक्ष मे प्राणोत्सर्ग किया था जिसकी चिर स्मृति बनाये रखने हेतु कलात्मक छतरी जालौर शहर के तिलक द्वार के सामने आज भी स्थित है। मारवाड़ में अपने सामरिक, राजनैतिक महत्व के साथ धार्मिक क्षेत्र में भी इस घराने की महत्ती भूमिका रही है, नाथ सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ जालौर दुर्ग स्थित सिरेमंदिर तथा दशनामी परंपरा (भारती), उम्मेदाबाद के मठाधीश पद पर प्रतिष्ठा इसी ठिकाने की चादर चढ़ाई से संपन्न होती है। निश्चय ही यह एक दुर्लभ विलक्षणता ही है की मध्यकाल से निरंतर सामरिक, राजनैतिक, धार्मिक महत्व की समृद्ध परंपरा का निर्वहन पीढ़ी दर पीढ़ी बाकरा परिवार मे पुष्पित पल्लवित होता रहा, परन्तु स्वतंत्रता के बाद भी इस परिवार के प्रजातांत्रिक मूल्यों के पोषण के फलस्वरूप लगभग 60 वर्षो तक निर्विरोध इस ठिकाणे के ठाकुर सरपंच पद पर प्रतिष्ठित रहे जो स्वयं में एक कीर्तिमान है।

इस अवसर पर प्रथम नजर काका भवानी सिंह चम्पावत व आशीर्वाद सिरे मंदिर महंत गंगानाथ महाराज जालौर, महंत आशाभारती महाराज उम्मेदाबाद (गोल मठ). महंत गोपालभारती महाराज धनानी. आसपास से ठिकानेदार सहित कामदार कोठारी फौजदार व जनप्रतिनिधि व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



भंवर दिग्विजय सिंह का ठिकाने की पुरातन गद्दी पर पगड़ी दस्तूर हुआ।

# एक लाइसेंस पर चल रही दो मिनरल ग्राइंडिंग फैक्ट्रियों पर कार्रवाई

## फैक्ट्री से 250 मैट्रिक टन अवैध खनन का मिनरल व एक ट्रैलर जब्त

**माण्डलगढ़** (निस)। मांडलगढ में काछोला के निकट सरथला पँचायत क्षेत्र में मिनरल ग्राइंडर की दो फैक्टियों में सरकारी भूमि से पत्थरों काअवैध खनन कर ग्राइंडिंग करने का मामला सामने आया है। खनिज विभाग की सतर्कता टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया और 250 मैट्रिक टन अवैध खनन का मिनरल व मौक़े से एक ट्रैलर को जब्त किया गया हैं। खनिज विभाग ने फैक्ट्री संचालक से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। गौरतलब हैं कि एक ही लघु उधोग लाइसेंस पर दो फैक्ट्रियों का संचालन किया जा रहा था।

काछोला के सरथला पँचायत क्षेत्र में मिनरल ग्राइंडर की फैक्ट्रियों में अवैध खनन के मिनरल का धड़ल्ले से ग्राइंडर किए जाने का मामला सामने आने पर फैक्ट्री संचालकों में हड़कम्प मच गया। वहीं फैक्ट्रियों में जान जोखिम में डाल कर बिना हेल्थ सेफ्टी किट के श्रमिक काम करते हैं। पत्थरों की ग्राइंडर के दौरान उड़ती धूल से पर्यावरण दूषित होने का खतरा बना हुआ है। सरथला के निकट बागपुरा में ग्राइंडर फैक्ट्रियों के संचालकों द्वारा सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि में किए जा रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अवैध खनन को बंद करने की माँग उठाई। अवैध खननकर्ताओं द्वारा ठाामीणों को धमकाया जाता हैं। ओर जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं।अवैध खनन पर पँचायत के पटवारी ओर ग्राम विकास अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध रही हैं। चारागाह भूमि में बडे पैमाने पर अवैध खनन धड़ल्ले से हो रहा था।और जिम्मेदार आंखे मूंदे रहे।

ग्रामीणों का आरोप हैं कि कभी रात में तो कभी दिन में खनन माफिया द्वारा भारी भरकम मशीनों से अवैध खनन कर सरथला की दो फैक्ट्रियों में पत्थर ले जाए जाते है। और वहां पत्थर को ग्राइंडर कर मिट्टी के कट्टों को ट्रकों में भर कर अन्य राज्यों में भेजा जा रहा हैं। यह मिनरल गत्ता फैक्ट्रियों में 2 से 3 हजार रुपए प्रति टन से बेचा जाता हैं। वहीं फैक्ट्री मालिक द्वारा एक ही रजिस्ट्रेशन से दो फैक्ट्रियों का संचालन किया जा रहा हैं। जिससे सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा हैं, फैक्ट्री संचालको द्वारा तथा कथित रवन्ना लाकर अवैध खनन पर पर्दा डालने का खेल खेला जा रहा है। वहीं बिल्टी ओर बिल में अंडरलोड बता कर मिट्टी के कट्टों को ट्रकों में ओवरलोड भर कर पंजाब,उत्तरप्रदेश सहित अन्य राज्यों में परिवहन किया जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि चारागाह की करीब 200 बीघा वाली भूमि में अवैध खनन को लेकर स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को कई बार शिकायत की गई,लेकिन फेक्ट्री संचालकों ओर जिम्मेदारों की मिली भगत के चलते कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी।

उक्त मामला ग्रामीणों की शिकायत के बाद मीडिया में आने के बाद खनिज विभाग के अधिकारी हरकत में आए और ठाइंडर फैक्ट्री पर छापा मार कर बड़ी कारवाई को अंजाम दिया हैं, बिजौलियां खनिज विभाग के खनिकार्यदशक गंगाधर मीना ने फैक्ट्री पर करीब 250 टन अवैध मिनरल ओर ग्राइंडर मिनरल से भरे एक ट्रैलर को जब्त कर काछोला थाना पुलिस को सुपुर्द किया है, फैक्ट्री संचालक पर 4 लाख की राशि का जुर्माना भी लगाया हैं।

खनिज विभाग फोरमैन ने बताया कि एक ही रजिस्ट्रेशन से दो ग्राइंडर फैक्ट्रियां चलाई जा रही हैं, फैक्ट्रियों में अनियमितताओं की जाँच कर अठिाम कारवाई की जाएगी। खनिज विभाग की कारवाई के दौरान फैक्ट्री संचालक द्वारा मौक़े से जेसीबी मशीन,डम्पर को फरार कर दिया और एक अन्य फैक्ट्री पर तालाबन्दी करा श्रमिकों को भगा दिया गया। खनिज विभाग के सूत्रों ने बताया कि रवन्ना एप से अब तक सप्लाई किए गए मिनरल का मिलान कर इनकम टैक्स ओर सेल टैक्स विभाग को सूचित किया जाकर जाँच कराई जाएगी।


मांडलगढ़ के सरथला में मिनरल ग्राइंडर फैक्ट्री पर खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई की।

- सैकड़ों बीघा चारागाह भूमि से अवैध खनन कर पत्थर फैक्ट्रियों में लाया जा रहा था

# जोधपुर पहुंचने पर शेखावत का जोरजार स्वागत

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान को ईआरसीपी की ऐतिहासिक सौगात के बाद गृह नगर जोधपुर पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया और इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए बधाई देते आभार व्यक्त किया। एयरपोर्ट पर जोधपुर दक्षिण की महापौर वनिता सेठ, ज़िला अध्यक्ष देवेन्द्र सालेचा, ज़िला महामंत्री मनीष पुरोहित, ज़िला मंत्री आदित्य गहलोत, शोभित राठी सहित अनेक पदाधिकारी पार्षद जनप्रतिनिधि एवम कार्यकर्ताओं ने उत्साह जोश के साथ केन्द्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत किया।

## वैल्डिंग करते समय विस्फोट, युवक की मौत

**जोधपुर** (कासं)। जोधपुर के नारनाड़ी क्षेत्र में एक वैल्डिंग गैरेज के केमिकल टैंक में विस्फोट होने से काम कर रहे दो मिस्त्री गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को एमडीएच हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। जहां एक घायल की रविवार रात उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल का उपचार जारी है। घायल की मौत हो जाने की सूचना के बाद सोमवार को बोरानाडा पुलिस हॉस्पिटल पहुंची और प्राथमिक कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंपा।

बोरानाडा एसीपी नरेंद्रसिंह देवडा ने बताया कि लूणी सर गांव निवासी भोमाराम पुत्र खींयाराम पटेल ने बोरानाडा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि उनका भतीजा हंसराम पुत्र केवलराम (37) वैल्डिंग मिस्त्री है। वह नारनाड़ी में संचालित होने वाले एक गैरेज में काम करता था। 24 जनवरी को वह गैरेज में एक टैंकर की वैल्डिंग कर रहा था। इस दौरान टैंकर में केमिकल लीकेज के कारण विस्फोट हो गया और आग लग गई। इस हादसे में हंसराम व उसके साथ काम करने वाला एक और मिस्त्री गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद उसे एमडीएम हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था। जहां रविवार रात को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस संबंध में मामला मर्ग में दर्ज किया है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।


**RAJASTHAN STATE HIGHWAYS AUTHORITY, JAIPUR**

**Notice Inviting Bid (36/2023-24)**

Bids for collection of user fee on "Bhawi-Pipar-Khinwsar Road section of SH-86C Length Km. 83.225" are invited from interested bidders upto 11:30 AM on 19.02.2024. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, htpp://sppp.raj.nic.in) of the state. The estimated value of Annual Remittance is 3.09 Cr.

UBN: PWD2024SLOB18109

Raj.Samwad/C/23/12380

Member (W,C & O) RSHA, Jaipur



मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना

**Rajasthan Medical Services Corporation Limited, Jaipur**

D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur - 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065 E-mail : edepmrmsc-rj@nic.in

No. F-8()RMSC/EPM/M-4/NIB-818/2022-23/1003 Dated: 24.01.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bid for item Plastic Bags 15 Litres (Red, Black, Yellow) AND Plastic Bags 25 Litres (Red, Black, Yellow)_are invited from interested bidders up to Date: 12-02-2024 : 06:00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on Procurement portal website "https://sppp.rajasthan.gov.in/" or "www.dipronline.org" or "https://eproc.rajasthan.gov.in/" or website "http://rmsc.health.rajasthan.gov.in".

UBN:- MSC2324GLRC00125

Raj.Samwad/C/23/12371

Executive Director (EPM)



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.)**

क्रमांक :– कृउमस/सी.आई.सी./पी.एण्ड.एम./2023–24/1485–1506 दिनांक : 01.01.2024

**ई–निविदा सूचना : 04–05/2023–24**

कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक के गौण मण्डी प्रांगण सोहेला में पी.एम.एफ.एम.ई. योजना के अन्तर्गत स्थापित किये जा रहे कॉमन इन्क्यूबेशन सेन्टर में प्रथम प्रसंस्करण लाईन हेतु Mustard Oil Expeller Mill With Packing Unit व Food Testing Laboratory के लिये Plant & Machinery /Equipment की आपूर्ती, स्थापना व कमीशनिंग हेतु इच्छुक योग्य निर्माताओं/वितरकों/ फर्मो/संस्थाओं/कम्पनीयों से निम्नानुसार ई–निविदा ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से दिनांक 02.01.2024 से 31.01.2024 तक आमंत्रित की गई है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर NIB Code : DAM2324A0350 (UBN No : DAM2324GLOB00630 व DAM2324GLOB00631) एवं विभागीय वेबसाईट agriculture.rajasthan.gov.in /mandi पर भी देखा जा सकता है।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.)

प्रशासक, कृषि उपज मण्डी समिति, टोंक (राज.)

राज.संवाद/सी/23/12404


# पांच करोड़ की लॉटरी में मुख्य ठग व साथी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** जिले के सुप्रसिद्ध कोटडी श्याम के नाम पर करीब 1 लाख लोगों से पांच-पांच रुपए के अवैध टोकन काटकर करीब 5 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में मुख्य सरगना पंकज सेठी व ठग हितेश गोधा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोटडी थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुर्जर ने बताया लॉटरी मामले में पिछले 28 दिन से फरार चल रहे मुख्य सरगना पंकज सेठी की तलाश में जगह जगह दबिशें दी जा रही थी सूचना मिली कि शातिर पंकज सेठी पिता श्रवण सेठी निवासी पुराना बस स्टैंड कोटडी व उसका सहयोगी हितेश गोधा पिता नेमीचंद गोधा निवासी कोटडी कृषि मंडी की तरफ देखे गए है ,पुलिस ने सूचना के आधार पर क्षेत्र में निगरानी रखी ,पुलिस को देखकर दोनो भागने का प्रयास करने लगे इसपर थाना प्रभारी सहित जाब्ते ने घेरा डालकर पकड लिया! पकडे गए ठगों को न्यायालय में पेश किया जहां से उनको पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पूर्व में गिरफ्तार हुए नारायण तेली की निशानदेही पर लॉटरी में प्रयुक्त कुछ अहम सामठी पुलिस ने जब्त की है वही इस गैंग के तीन जने अभी भी फरार है पुलिस सुरेश सुवालका, प्रदीप सुवालका व संजय सुवालका की तलाश में जुटी हुई हैं।

## डोडा पोस्त की खेप पकड़ी

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पश्चिम पुलिस ने सोमवार को एमपी से सीमेंट मिक्सर में भरकर लाई गई करोडों रुपए की डोडा पोस्त की खेप को पकडा है। पुलिस ने सोमवार शाम को थाने के सामने ही नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान चित्तौड़गढ़ नम्बर के एक सीमेंट मिक्सर को पुलिस ने रूकवाया। जांच करने पर मिक्सर के अंदर सीमेंट की जगह कट्टों में भरा हुआ डोडा पोस्त पाया गया। पुलिस अनुमान के अनुसार मिक्सर में 111 के करीब डोडा पोस्त के कट्टे भरे हुए थे, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

# टेंपो चालक की मौत पर अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरना दिया

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर टेंपो और ट्रैक्टर चालक ने टेंपो ड्राइवर के टक्कर मारने से मौत हो गई जिसका मृतक के ताऊ के लडके ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराते हुए मामले का खुलासा किया। जिसकी मौत को लेकर परिजनों सहित सर्वसमाज के लोगों ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर सोमवार को दिन भर धरना दिया तो वहीं धौलपुर–लालसोट हाईवे को पूरी तरह से जाम करते हुए करौली शहर का बाजार बंद करा दिया और मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और पत्नी को सरकारी नौकरी के साथ सरकारी योजना का लाभ दिलाने की मांग की। कोतवाली प्रभारी ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की।

मृतक के ताऊ के लडका उमेश कुमार मुदगल ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया कि टेंपो और ट्रैक्टर ड्राइवर में विवाद के बाद टेंपो ड्राइवर कि ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी जिससे टैंपो चालक सुरेष चन्द शर्मा कि मृत्यु हो गई। उसने मुकदमा मे खुलासा किया कि रविवार साय 7:00 बजे के करीब की घटना है। टैंपो चालक कि मृत्यु हो जाने के बाद आक्रोषित परिवारजन और क्षेत्र के लोगों ने सोमवार को प्रात: अस्पताल के बाहर सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

परिवारजन और प्रदर्शनकारीयो ने आर्थिक सहायता तथा सरकारी नौकरी की मांग की। मौके पर पहुंचे अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर चौधरी,उपजिला कलेक्टर रामावतार मीना,पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने लोगों से समझाईस के प्रयास किये लेकिन असफल रहे। प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम को एक ट्रैक्टर ने टेंपो में टक्कर मार दी टेंपो में हुए नुकसान को लेकर ड्राइवर सुरेश शर्मा और ट्रैक्टर ड्राइवर गोलू मीणा में विवाद हो गया। इस पर गोलू मीणा ट्रैक्टर को भगा ले गया। लेकिन सुरेश उसका पीछा करते हुए मासलपुर चुंगी पहुंच गया। और ट्रैक्टर से लटक कर रूकवाने का प्रयास किया।


हादसे में टेपो चालक की मौत पर मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने धरना दिया

- धौलपुर-लालसोट हाईवे जाम कराकर करौली शहर का बाजार रहा बंद रहा


राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ. नीलामी/निलामी (ML I) /2024/ई-05175

**ई-नीलामी विज्ञाप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-||| के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 208 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पाली | पराखिया (सुमेरपुर) | ग्रेनाईट | 8 |
| 2 | पाली | भांवरी,चवरडा दयालपुरा (पाली) | मेसेनरी स्टोन | 52 |
| 3 | ब्यावर | आकरोल (विजयनगर) | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 4 | दौसा | सीकरी (सिकराय) | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 5 | भाहपुरा | मगनपुरा (जहाजपुर) | क्वार्टज, फेल्सपार व माईका | 2 |
| 6 | सिरोही | फलवदी (सिरोही), ईदरला (रेवदर) | ग्रेनाईट | 27 |
| 7 | प्रतापगढ | लोहागढ (धरियावाद) | मारबल | 5 |
| 8 | अजमेर | मोराझडी (नसीराबाद) रिछमालिया (पींसागन) | ग्रेनाईट | 9 |
| 9 | भीलवाडा | रूपाहेली खुर्द (माण्डल) | क्वार्टज फेल्सपार ग्रेनाईट | 1 |
| 10 | भीलवाडा | रूपाहेली खुर्द (माण्डल), रूपपुरा (करेड़ा) | ग्रेनाईट | 6 |
| 11 | करौली | कोटा (मासलपुर) | सेण्डस्टोर | 8 |
| 12 | चित्तौडगढ | भाणुजा (बड़ी सादड़ी) | चाइना क्ले | 3 |
| 13 | भरतपुर | कोटकी (भुसावर) | मेसेनरी स्टोन | 5 |
| 14 | चित्तौडगढ़ | सोमावास (भदेसर),भीमलोद (भदेसर) | चाइना क्ले, क्वार्टजाईट व मेसेनरी स्टोन | 5 |
| 15 | जयपुर ग्रामीण | आसलपुर (जोबनेर) | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 16 | ब्यावर | जीवाणा (विजयनगर) जेतपुरा (रायपुर) | ग्रेनाईट | 11 |
| 17 | बीकानेर | गोयलरी (कोलायत) | बॉलक्ले एवं सिलिकासेण्ड | 10 |
| 18 | जोधपुर ग्रामीण | कास्टी (बावड़ी) | सेण्डस्टोन व मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 19 | जोधपुर ग्रामीण | कास्टी (बावड़ी) | मेसेनरी स्टोन | 7 |
| 20 | जालोर | तवाब (जसवंतपुरा), मायलावास (जालोर) | ग्रेनाईट | 7 |
| 21 | बाड़मेर | लालसो की ढाणी (शिव) | मेसेनरी स्टोन | 10 |
| 22 | उदयपुर | आमलवा (झल्लारा) | मारबल | 1 |
| 23 | भीलवाड़ा | रायपुर खास (रायपुर) | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 24 | भीलवाड़ा | भाम्भुगढ़ (आसीन्द) | क्वार्टज फेल्सपार | 5 |
| 25 | अजमेर | निटूटी (रूपनगढ़) | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 26 | सांचोर | चिरपटिया (रानीवाड़ा) | ग्रेनाईट | 4 |
| 27 | सांचोर | चिरपटिया (रानीवाड़ा) | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 28 | राजसमंद | घाटी (देवगढ़) | ग्रेनाईट | 3 |
| 29 | उदयपुर | गुडली (कुराबड़) | क्वार्टज फेल्सपार | 1 |
| 30 | नीमकाथाना | पंचलगी (उदयपुरवाटी) | मेसेनरी स्टोन | 3 |

विशेष नोट- 1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेट फार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(जय.के. गुरूबक्षाणी)
अतिरिक्त निदेशक (खान मु.)

DIPR/C/349/2024


# डीडवाना के दौलतपुरा में कार व जीप में आमने–सामने की भिड़ंत

## हादसे में दोनों गाड़ियों के आठ लोग घायल हुए

**डीडवाना।** जिला मुख्यालय से निकलने वाले किशनगढ़ हनुमानगढ़ मेगा हाइवे पर दौलतपुरा चौराहे पर कार और जीप में आमने सामने भिडंत हो गई। भिडंत में दोनो वाहन बुरी तरह क्षितठास्त हो गए।

वही दोनो वाहनों में सवार आठ लोगों को चोटे आई है, हादसे के बाद स्थानीय लोगो ने दोनो वाहनों में सवार घायलों को डीडवाना जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल पंहुचाया गया जहा घायलों का इलाज जारी है, जानकारी के अनुसार थार में सवार लोग कुचामन से डूंगरगढ़ बारात लेकर जा रहे थे वही जीप में सवार लोग सालासर बालाजी के दर्शन कर ब्यावर लौट रहे थे, इसी दौरान दौलतपुरा तिराहे पर हादसा हो गया। घायलों को स्थानीय ठाामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से बांगड़ जिला अस्पताल भेजा गया जहा अस्पताल में इलाज जारी है। वही घटना की जानकारी के बाद डीडवाना थाना पुलिस मौके पर पंहुची और मामले की जानकारी जुटा रही है।

- घायलों को डीडवाना के बांगड जिला अस्पताल में भर्ती करवाया
- बारात लेकर कुचामन से जा रहे थे

# छात्रा ने किया सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस

**भीलवाड़ा।** सरकारी स्कूल की कक्षा 12 में पढ़ने वाली एक छात्रा की सोमवार को स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान तबियत बिगड गई । उसे इलाज के लिए भीलवाडा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में रेफर किया गया जहां आईसीयू में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

मामला शंभूगढ़ थाना क्षेत्र के आमेसर कस्बे का है । यहां राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 12 आर्ट्स में पढ़ने वाली छात्रा ज्योति शर्मा पिता मथुरा शर्मा ( 17 ) 10 बजे अपने रेगुलर टाइम पर स्कूल पहुंची थी। स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान अचानक छात्रा गश खाकर गिर गई और वॉमिट करने लगी। स्कूल टीचर उसे नजदीकी मेडिकल पर ले गए यहां से उसे आसींद रेफर किया गया। हालत बिगड़ने के बाद उसे भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल रैफर किया गया। यंहा उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था , कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया।

8 भाई बहनों में सबसे छोटी ज्योति ने गलती से जहरीली वस्तु खाई है या उसने आत्महत्या के चलते जहर सेवन किया है फिलहाल यह जांच का विषय है । भीलवाड़ा पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्च्यूरी भिजवाया है । शंभुगढ़ थाना पुलिस के आने के बाद छात्रा का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू की गई हैं।

# राजस्थान के तेरह जिलों में अजमेर को भी मिलेगा ई.आर.पी.सी. योजना का लाभ

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर लोकसभा सांसद व केंद्रीय जल संसाधन समिति के सदस्य भागीरथ चौधरी ने कहा कि हम सभी भली-भांति जानते हैं की दुनिया के सार्वभौमिक सत्यों में से एक सत्य यह है कि 'जल ही जीवन' है। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना पर अब हल निकलने के लिए राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच पानी के बंटवारे पर चल रहा विवाद का डबल इंजन की सरकार ने अंत किया है, इसके लिए दोनों राज्यों की सरकारो मे एमओयू हुआ है।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना दोनों प्रदेशों की जरूरत है। 2013 में हमारी सरकार ने इसकी डीपीआर बनाई थी लेकिन बाद में कांठोस की सरकार आ गई. कांठोस में इच्छा शक्ति नहीं दिखाई। कांठोस ने जानबूझकर ईआरसीपी को मुद्दे को 5 साल तक अटकाए रखा,केवल राजनीति के अलावा इस प्रोजेक्ट को आगे बढाने के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने कुछ नहीं किया।

नदी जोड़ने का अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था, जिसे अब धरातल पर उतारा जाएगा,राजस्थान और मध्यप्रदेश में कांठोस सरकार रही,दोनो ने इस मुद्दे पर राजनीति की। गहलोत सरकार ने ईआरसीपी पर राजनीति के अलावा कुछ नहीं किया इस योजना से खेती के साथ पर्यटन और उद्योग को भी फायदा होगा. राजस्थान और एमपी दोनों को इसका फायदा होगा। इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा मिलने का मुख्य लाभ यह होगा कि परियोजना को पूर्ण करने के लिए 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी,जिसकी अनुमानित लागत लगभग 40,000 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

राज्य जल संसाधन विभाग के अनुसार, राजस्थान का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 342.52 लाख हेक्टेयर है जो संपूर्ण देश के भौगोलिक क्षेत्र का 10.4 है, क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। इसमें राजस्थान के 13 ज़िलों में पीने का पानी और 26 विभिन्न बड़ी एवं मध्यम परियोजनाओं के माध्यम से 2.8 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है, 13 ज़िलों में झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, करौली, अलवर, भरतपुर, दौसा और धौलपुर शामिल हैं।

इस प्रेस वार्ता मे भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी,प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अरविन्द यादव, उप महापौर नीरज जैन,संभाग मीडिया प्रभारी अनीश मोयल,संभाग मीडयिा सह प्रभारी रचित कच्छावा उपस्थित रहे।



भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अरविन्द यादव ने प्रेस वार्ता की।


**राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन**

रजि. कार्यालयः गाँधी ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

फोन नः 0141–2228061–62, फैक्स नः 0141–2228065 ई–मेल :rmsc.supply1@gmail.com

CIN: U24232RJ2011SGC035067 Website : http://rmsc.health.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ.4 (1)/आरएमएससी/विशेषाधिकारी/अन्तर DDW परिवहन/2023–25/5220 दिनांकः 19.01.2024

**ई–निविदा सूचना**

निगम के जिला/मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृहों (Inter DDW/MCDW) से औषधियों/सर्जिकल्स/सूचर्स आदि के राज्य के जिला मुख्यालयों पर स्थित जिला औषधि भण्डार गृहों तक अन्तर जिला औषधि भण्डार गृह परिवहन कार्य (Inter DDW/MCDW Transfer) एवं NOSQ औषधियों के राज्य एवं राज्य से बाहर परिवहन हेतु 24 माह के लिए दर संविदा हेतु परिवहन व्यवसाय अन्तर्गत पंजीकृत/अनुभवी संस्थाओं/कोरियर सेवा प्रदाताओं से ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। ई–निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होंगी। ई–निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं अन्य विवरण कार्यालय समय में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक 07.02.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत की जावेगी एवं दिनांक 07.02.2024 को सांय 04:00 बजे उपस्थित ई–निविदादाताओं के समक्ष निगम मुख्यालय पर खोली जाएगी।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित राशि (₹ लाखों में) | बोली प्रतिभूति (bid security) (₹ लाखों में) 2% | ई–निविदा शुल्क (₹) | प्रोसेसिंग फीस | प्रि–बिड मीटिंग की तिथि व समय | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रांरभ की तिथि | ई–निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | ई–निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कॉल्ड चैन अन्तर्गत औषधियाँ आदि के कार्टून अन्तर जिला/मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृह (Inter DDW/MCDW) /निगम मुख्यालय पर परिवहन कार्य (राज्य एवं राज्य से बाहर) | 132.00 | 2.64 | 2360.00 (2000+ 18% GST) | 2360.00 (2000+ 18% GST) | 29.01.2024 3.00 PM | 19.01.2024 6.00 PM | 06.02.2024 6.00 PM | 07.02.2024 12.00 PM | 07.02.2024 4.00 PM |
| 2. | नॉन कॉल्ड चैन अन्तर्गत औषधियाँ/ आदि के कार्टून अन्तर जिला/मेडिकल कॉलेज औषधि भण्डार गृह (Inter DDW/MCDW) /निगम मुख्यालय पर परिवहन कार्य (राज्य एवं राज्य से बाहर) | | | | | | | | | |

ई–निविदा प्रपत्र वेबसाईट "http://eproc.rajasthan.gov.in" से डाउनलोड किया जा सकता है एवं वेबसाईट "www.dipronline.org", "sppp.rajasthan.gov.in" एवं "http://rmsc.health.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। ई–निविदा ऑनलाईन इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट "http://eproc.rajasthan.gov.in" पर ही प्रस्तुत की जाएगी। ई–निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रू. 2360.00 (2000+18% GST सहित), RISL प्रोसेसिंग फीस, राशि रू. 2360.00 (2000+18% GST सहित) के डी.डी. व बोली प्रतिभूति (bid security) के पेटे राशि रू. 2.64 लाख का डी.डी. (देय आरएमएससी, जयपुर) अलग–अलग दिनांक 07.02.2024 दोपहर 12.00 बजे तक निगम कार्यालय में जमा करवाना आवश्यक है। ई–निविदा के दिनांक 07.02.2024 दोपहर 1200 बजे तक तकनीकी ई–निविदा के साथ Generated Scanned copy Upload की जा सकती है।

विशेषाधिकारी
आरएमएससी

राज.संवाद/सी/23/12373

## संक्षिप्त

### चौथ माता मंदिर में मेले का आयोजन

**मंडावरी।** कस्बे से चार किलो मीटर दूर सुरतपुरा ग्राम में स्वयं प्रकट हुई चौथ माता की मूर्ति के बाद यहां पर बने मंदिर में सोमवार को संकष्ट चतुर्थी मनाई गई। सुहागिन महिलाओं का मंदिर में सोमवार को सैलाब उमड़ा, चौथ माता मेले काभी आयोजन हुआ। सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा पहाड़ियों की चोटी में स्थित विश्व का एकमात्र चौथ माता मंदिर जिसमें चौथ माता एवं गणेश भगवान विराजित है, वहां से पूरे ग्रामीणों ने विधिवत ज्योति लाकर यहां मंदिर में विराजित की गई थी, जो लगातार एक साल से अखंड ज्योति के रूप में चलती आ रही है।

### पटाखे छोड़ने वाली 10 बाइक जब्त

**अलवर ।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाली 10 मोडीफाईड साईलेंसर मोटरसाईकिल जब्त की। अलवर जिला पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि प्रभारी यातायात शाखा ने 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सडक सुरक्षा माह के तहत अभियान छेड़ रखा है। इस दौरान अब तक की गई कार्रवाई में यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट में कार्यवाही की गई। बुलेट बाइक से पटाखे छोडने जैसी ध्वनी निकालने वाली कुल 10 मोडीफाईड साईलेंसर बाइक को जब्त कर चालान कार्यवाही की गई।

### कृषक उपहार योजना की लॉटरी

**खाटूश्यामजी।** सरकार द्वारा मण्डी समितियों के माध्यम से संचालित कृषक उपहार योजना के अंतर्गत कृषि उपज मंडी समिति पलसाना द्वारा जारी ई कूपनों की लॉटरी 31 जनवरी को मण्डी समिति के कार्यालय में सुबह 11 बजे निकाली जाएगी।

समिति की सचिव सुमन कुमारी ने बताया कि योजना के तहत छः माह तक जारी ई नाम के माध्यम से ई पैमेंट की विक्रमय पर्चियों पर जारी कूपनों तथा गेट पास की विक्रय पर्चियों पर जारी कूपनों की लॉटरी निकाली जाएगी। जिसमें पृथक पृथक प्रथम पुरस्कार 25 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार एवं तृतीय पुरस्कार दस हजार रुपए दिए जायेंगे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में जयपुर संभाग की टीम रही विजेता

**जयपुर (कासं)।** 10वीं राजस्थान राज्य अखिल संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 में जयपुर संभाग की बैडमिंटन टीम पुरुष वर्ग में विजेता बनी है। झालावाड में आयोजित हुई प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए खिताबी मुकाबले में जयपुर संभाग

- मेजबान कोटा संभाग को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया
- रणवीर सिंह की कप्तानी में पूरी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया बाद में खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया

की टीम ने मेजबान कोटा संभाग की टीम को सीधे सेटों में 3-0 से मात दी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई ने बताया कि रणवीर सिंह की कप्तानी में पूरी टीम ने पूरी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कप्तान सहित टीम के अन्य खिलाड़ी शिशुपाल विश्नोई, निकुंज छीपा, राजेन्द्र शर्मा, अभिषेक गुप्ता, विष्णु कुमार मीणा व टीम मैनेजर गौरव शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई दी।




**10वीं राजस्थान अंतर संभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।**

### कर्नल राठौड़ के जन्म दिवस पर गौसेवक सम्मानित

**पावटा।** राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा के नेतृत्व में परमानंद धाम गौशाला में गौसेवकों का सम्मान किया गया। संत हरिओम दास के सानिध्य में आयोजित समारोह में सभी गौसेवकों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्र ओढ़ाए गए व गौ सेवा की गई। पवन शर्मा ने बताया कि 7 दिवस तक विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रमुखता से बेजुबान जानवरों के लिए चुग्गा-पानी की व्यवस्था, गौ सेवा, स्वच्छता सेनानियों का समान मरीजों को फल वितरण सहित कई कार्यक्रम होंगे। संत हरिओम दास ने कहा कि प्रत्येक मानव को सेवा कार्य में हिस्सा लेना चाहिए हमारी सनातन संस्कृति हमें जीव मात्र के प्रति सेवा का भाव रखने की शिक्षा देती है। इस मौके पर रवि दत्त शर्मा, नवरत्न सोनी, कालूराम यादव, गजानंद सेन, अशोक शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर में विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यकर्ता रामकरण यादव प्रेमनगर व मर्चेन्ट नेवी में कार्यरत प्रकाश यादव प्रेमनगर ने बैग वितरित किए। इस दौरान प्राचार्या पिंकी मीणा, एवं समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**पावटा ।** ग्राम सुजातनगर में स्व. हवलदार बनवारी लाल यादव की पुण्यस्मृति में प्रथम निःशुल्क नेत्र-चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 530 लोगों ने शिविर में परामर्श लिया व जाँच करवाई, जिसमें 108 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षाविद एवं भाजपा नेता जीएल यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नेता मधुर यादव ने की। कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस में चयनित अयर्थि सोनम जाट और पूजा निर्वाण को समानित किया गया। जी.एल.यादव ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है। बडे बुजुर्गों का आशीर्वाद ही हमारी पूँजी है। शिविर में पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी स्वामी, शंकर स्वामी, डॉ. जयराम यादव, बजरंग यादव फतेहपुरा, यादव समाज अध्यक्ष पावटा भैरू हुल्डा, रामावतार खातोदिया, के.के.शर्मा, पूर्व सरपंच बसंती यादव, खेलना सरपंच राजकुमार, सुदरपुरा सरपंच उमेश यादव, अजय सराधना, कृष्ण सांपला, सुजानगर सरपंच प्रतिनिधि हरिराम कटारिया, सुरेंद्र यादव, सहकारी समिति चेयरमैन पप्पू मीणा सहित युवा शक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर सरकारी विद्यालय के सभी होनहार व मेधावी छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी वितरित कर उनका हौसला बढाया गया व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

### अयोध्या रवाना हुए श्रद्धालु

**पावटा।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद देशभर से रामभक्तों का दर्शनार्थ जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। रेलवे की ओर से रामभक्तों को अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी के तहत पावटा प्रागपुरा कस्बे से राम भक्त मदन लाल सैनी प्रागपुरा, गोवर्धन कुमार भारत सिंह अपने परिवार सहित जय श्रीराम के जयकारों के साथ रवाना हुए। प्रागपुरा कस्बे से रवाना हुए रामभक्त मदन सैनी ने बताया कि ये सौभाग्य का विषय है कि उन्हें अयोध्या जाकर भगवान श्रीराम के दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा है। भगवान के दर्शन करने को लेकर खुशी और उत्साह है। खास बात ये है कि उनके परिवार सामूहिक रूप से जा रहे हैं जो और भी हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि वो अपने घर से प्रथम व्यक्ति हैं जो अयोध्या जाकर भगवान के साक्षात दर्शन करेंगे।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**मालपुरा** (निस) लाम्बाहरिसिंह थाने मे दर्ज मामले मे बीते पांच माह से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी हरिसिंह चौहान निवासी दतोब को गिरफतार किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि फरार स्थाई वारंटी के जयपुर मे होने की मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने अपराधियो की धरपकड अभियान के अन्तर्गत एवं सरकार की 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत फरार वांछित आरोपी हरिसिंह चौहान पुत्र जगदीश चौहान निवासी दतोब को गिरफ्तार किया गया।

### दूदू में एंबुलेंस सेवा शुरु

**दूदू।** लाडी सेवा संस्थान ने जयपुर-अजमेर हाईवे पर आए दिन होने दुघर्टना में घायल होने वाले लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने के लिए दूदू जिला मुख्यालय पर एंबुलेंस सेवा मुहैया करवाई है। इसका शुभारंभ उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। उप

## तीर्थ स्थल 2100 बीघा भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**मालपुरा** (निस) तीर्थ स्थल डिग्गी मे गौमाता के लिए आरक्षित 2100 बीघा गौचर भूमि पर काबिज अतिक्रमियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को मुख्यमंत्री व संभागीय आयुक्त के नाम जिला कलेक्टर सौम्या झा को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि गौचर भूमि पर प्रभावशाली दबंगो द्वारा अवैध रूप से कच्चे-पक्के निर्माण करने के साथ-साथ बाडे इत्यादि बना बडे भू-भाग पर कब्जा कर लिया गया है। इस कारण गौवंश के आश्रय और उनके चारे-पानी पर संकट पैदा हो गया है।

अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर पूर्व में उपतहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन व भूख हडताल करने के साथ-साथ उच्च न्यायालय मे भी मामला दर्ज करवाया गया। न्यायालय के आदेशो के बावजूद उपखण्ड प्रशासन व राजस्व विभाग द्वारा ठोस कार्यवाही नही करने से अतिक्रमियो के हौसले बुलदं हो रहे है। अदालती आदेश की अवहेलना व गौचर भूमि पर हुये अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मौके से ही तत्काल मालपुरा एसडीएम को जरिए दूरभाष पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये। डिग्गी निवासी मदन सिंह, नोरत गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, माणक प्रजापत, राजाराम खारोल, रामनारायण मीणा ने बताया कि जब तक गौचर भूमि से अतिक्रमण नहीं हट जाता, तब तक वह उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करने के साथ-साथ जरूरत पडने पर आंदोलन भी करेंगे।

## जलदाय मंत्री की नाराजगी के बाद मालपुरा में 50 अवैध पेयजल कनेक्शन काटे

**मालपुरा** (निसं) जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की नाराजगी के बाद हरकत में आए मालपुरा के जलदाय विभाग ने पिछले 15 दिनों में 50 से ज्यादा अवैध कनेक्शन काटे है। साथ ही अवैध पेयजल कनेक्शनों के जरिए मुफ्त का पानी पी रहे पुलिस कांस्टेबल व पूर्व सरपंच समेत 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

जलदाय विभाग के अभियंता तारा स्वामी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल-जीवन मिशन के तहत बनाई गई पानी की टंकी से घर-घर नल कनेक्शन के लिये पेयजल लाइनें डाली गई थी।

पिछले कुछ दिनों से स्थानीय लोगों की शिकायतें थी कि पेयजल लाईन में से बिना विभागीय स्वीकृति के अवैध नल कनेक्शन किए जा रहे है, इस कारण बाकी लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

जलदाय मंत्री ने भी अवैध नल कनेक्शनों को हटाने और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इन आदेशों की पालना में अलग-अलग टीमें बना गांव-गांव में मुफ्त सरकारी पानी पी रहे लोगों को चिन्हित कर कार्यवाही शुरू की गई।

सोमवार को मोरला पंचायत के आंटोली से कचोलिया मे डाली गई राईजिंग पाईप लाईन से किये गये अवैध कनेक्शनों को काटने की कार्यवाही करते हुए पुलिस कांस्टेबल लादू जाट, पूर्व सरपंच सवाईराम सिंह जाट, रामकिशोर लक्षकार सहित प्रधान जाट, मदन पुरी, भगवान सिंह दरोगा, शीशुपाल नायक, रामपाल जाट के कनेक्शनकाट मौके से सामान जप्ती की कार्यवाही करते हुए सभी के विरूद्ध लाम्बाहरिसिंह थाने मे राईजिंग लाईन से अवैध कनेक्शन कर पानी चोरी का मामला दर्ज करवाया गया।

थाने मे नामजद मामला दर्ज होने की फैली सूचना से अवैध कनेक्शन कर मुफ्त का पानी वालों में हडकम्प मच गया। यहां तक की कई अवैध कनेक्शनो को लोगो ने स्वंय हटाने की भी जानकारी सामने आई है।

बीते एक पखवाडे से चल रहे अभियान में तारा स्वामी व हंसा चौधरी ने 50 से अधिक अवैध कनेक्शन काटकर सामान जब्ती की कार्यवाही की है।

# कलेक्टर ने कोटपूतली व बहरोड़ के अफसरों से जानी विभागीय योजनों की प्रगति

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्ट्रेट में सोमवार को कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति, बिजली विभाग, नगर परिषद, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी व परिवहन समेत अन्य विभागों के सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अधिकारियों को 60 दिन से अधिक लम्बित प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं विद्युत विभाग के अधिकारी इस बात पर फोकस रखे कि जिले में पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनी रहे। सभी अधिकारी तय समय पर ऑफिस पहुंचे तथा अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दें कि सभी ऑफिस में समय पर पहुंचे, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना ना करना पड़े तथा आमजन से जुड़े कार्य समय पर पूरे हो सकें। पूरे जिले में किसी भी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जा सकता है और अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मचारियों पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जावेगी।

उन्होंने नगर परिषद के आयुक्त से कोटपूतली शहर के सीवरेज प्रोजेक्ट, ड्रेनेज सिस्टम तथा कचरा प्रबंधन और संपूर्ण जिले में चल रहे रैन बसेरों एवं अवैध कॉलोनियों की बसावट के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

- संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों व विद्युत-पेयजल समस्याओं को तुरंत दूर करने को कहा

उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में आमजन की भागीदारी को बढ़ाए। साफ-सफाई और रोड लाइटों से जुड़ी हुई शिकायतों का तुरंत निस्तारण करावें। विद्युत अभियंताओं को कहा कि, अगर तकनीकी कारणों से विद्युत कटौती की जानी आवश्यक हो तो इसकी सार्वजनिक सूचना दी जावे। पिछले दिनों कलेक्टर द्वारा राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया था। कलेक्टर ने फीडबैक लेते हुए अस्पताल के पीएमओ से अस्पताल में फैली गंदगी के प्रति नाराजगी जाहिर की तथा इससे जुड़ी संस्था लोक सुविधा संस्थान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ट्रोमा सैंटर के बाहर खड़ी रहने वाली प्राइवेट एम्बुलेंस पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश भी दिये। इस दौरान एडीएम योगेश कुमार डागुर, एएसपी नेम सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, जिला जनसम्पर्क अधिकारी नितिन कुमार, डीटीओ सुनील सैनी व सीएमएचओ डॉ. निर्मल कुमार जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मोहन कुमार गौड़ सम्मानित

**पावटा।** उपखंड स्तरीय 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में पत्रकार मोहन कुमार गौड़ को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनकड़, पावटा उपखंड अधिकारी बी.एल.स्वामी, पावटा प्रागपुरा नगर पालिका चेयरमेन उर्मिला अग्रवाल, प्रधान पूजा चौधरी ने पत्रकार मोहन कुमार गौड को समानित किया। इस अवसर पर पावटा प्रेस क्लब अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, आशीष गोयल, विपिन शर्मा, धर्मपाल यादव, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, ब्राह्मण महासभा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, मुकेश गोयल, सुरेश शर्मा, योगेश शर्मा, नरेंद्र गौड, विकास शर्मा, संतोष गुप्ता, जीवन ज्योति संस्था संरक्षक सुभाष गोयल सहित जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हेल्थ कार्ड जारी

**खाटूश्यामजी ।** केंद्र सरकार द्वारा चयनित पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सीतारामपुरा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में समस्त विद्यार्थियों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए व विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गहनता से जाँच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोगराज निठारवाल, श्वसन एवं दमा रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार, नेत्र रोग विशेषज्ञ जितेंद्र सिंह, नर्सिंग ऑफिसर महेश काजला, बाबूलाल खोखर नर्सिंग स्टॉफ अनीता व सुनीता कंवर के निर्देशन में चिकित्सा शिविर लगाया गया है। संस्था प्रधान सुल्तान सिंह साख़ूनिया ने बताया कि विद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे प्रथम दिन जागरूकता रैली व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।दूसरे दिन स्वास्थ्य परीक्षण व हेल्थ कार्ड जारी किए गए। शिविर का समापन मंगलवार को होगा। शिविर में सुल्तान सिंह काजला, घनश्याम, बृजमोहन सिंह, मनीष साँखला सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका व समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार शर्मा ने किया।लोकसभा चुनाव के पहले दौसा-गंगापुर सिटी रेल संचालन शुरु करने की कवायद

# जे.डी.ए. में 8 फरवरी से सभी काम ई-फाईलिंग के जरिए होंगे

**जयपुर ।** जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए के मंथन सभागार में सुशासन की स्थापना और फाईल मैनेजमेंट को सुगम बनाने के लिए डिजीटलाईजेशन के लिए राज-काज (ई-फाइलिंग) के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

जेडीसी ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर फाइलों को राज-काज (ई-फाइलिंग) के लिए श्रेणीवार कर कार्य प्रारम्भ किया

- प्राथमिकता के आधार पर फाइलों को ई-फाइलिंग के लिए श्रेणीवार कर कार्य प्रारम्भ किया

जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि 8 फरवरी के बाद सभी पत्रावलियां (फाईल्स) राज-काज (ई-फाइलिंग) के माध्यम से ही भेजी जाए। उन्होंने राज-काज (ई-फाइलिंग) को चार श्रेणी (ए, बी, सी, डी) में बांटते हुए श्रेणी ए एवं बी की पत्रावलियों को तुरंत प्रभाव से ऑनलाईन करने के निर्देश दिये।



**जेडीए के मंथन सभागार में सोमवार को फाईल मैनेजमेंट को सुगम बनाने के लिए अधिकारियों की बैठक हुई।**

उन्होंने बताया इसके बाद फाईल्स पूर्णत: ऑनलाईन ही राज-काज के माध्यम से प्रेषित की जायेंगी।

इसके अतिरिक्त पुरानी पत्रावलियों के साथ-साथ समस्त तरह की नवीन पत्रवालियां ऑनलाईन ही प्रेषित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए संबंधित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सहायता से प्रशिक्षण दिया जायेगा। बैठक में जेडीए कार्यवाहक सचिव, सभी निदेशक, मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक, सभी उपायुक्त, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1 निविदा संख्या/कार्य का नाम : इंजी./जय/2023-24/111** सहायक मण्डल इंजिनियर (रींगस) के कार्य क्षेत्र में रेलवे भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए नारनौल, पचारमलिकपूरा, गोविन्दगढ़ मलिकपुर, चोमू समोद स्टेशन और रेवारी स्टेशन एप्रोच पर सीमा वाल का निर्माण करना। **अनुमानित लागतः** 21688668.49 **बिड प्रतिभूति राशि :** 258500.00 **क्र.सं. 2 निविदा संख्या/कार्य का नाम : इंजी./जय/ 2023-24/112** वरिष्ठ मण्डल इंजिनियर (उत्तर)/ जयपुर के सेक्शन में – सहायक मण्डल इंजिनियर (रींगस) के कार्य क्षेत्र में डाबला एवं अमरपुर जोरासी स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर-2 को रेल लेवल से हाई लेवल करना और डावला स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 का विस्तार वाटर बूथ और टॉयलेट के साथ कार्य करने का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** 30545337.94 **बिड प्रतिभूति राशि :** 302700.00 **क्र.सं. 3 निविदा संख्या/कार्य का नाम : इंजी. /जय/ 2023-24/116** एडीईएन/ मुख्यालय-III/जेपी सब डिवीजनः वीडियो निगरानी प्रणाली नियंत्रण कक्ष का संकुचन, आरआरआई टॉवर और विभिन्न रिले रूम भवनों में प्राकृतिक वातानुकूलित कार्य, छत के फर्श और डबल के एसआरआई पेंट द्वारा निर्मित क्षेत्र में ग्रीन बिल्डिंग सुविधाओं का 10 उपयोग। लोको कॉलोनी में आरपीएफ 1 बैरक में कांच की खिड़कियां और मरम्मत/ नवीनीकरण कार्य। **अनुमानित लागतः** 4603340.93 **बिड प्रतिभूति राशि :** 92100.00 **क्र.सं. 4 निविदा संख्या/कार्य का नाम : इंजी./जय/ 2023-24/117** केंद्रीय अस्पताल जयपुर के मौजूदा सम्मेलन भवन के समीप मेडिकल स्टोर भवन का निर्माण कार्य। **अनुमानित लागतः** 9115127.49 **बिड प्रतिभूति राशि :** 182300.00 **क्र.सं. 5 निविदा संख्या/कार्य का नाम : इंजी. /जय/ 2023-24/118** जयपुर-एस.एस.ई. (कार्य) एस-1 जयपुर के कार्य क्षेत्र पर दो वर्षे की अवधि के लिए ओवरहेड व अंडर ग्राउंड (सम्प) टैंको की सफाई करने का कार्य। **अनुमानित लागतः** 2638555.69 **बिड प्रतिभूति राशि :** 52800.00 **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **नोटिस बोर्ड** – मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2. निविदा संख्या इंजी. / जय/2023-24/116, 117 व 118** की बन्द होने की तिथि **19.02.2024** समय **15.30** बजे एवं खुलने की तिथी **19.02.2024** समय **16.00** बजे। **निविदा संख्या इंजी./जय/2023-24/111** व **112** की बन्द होने की तिथि **22.02.2024** समय **15.30** बजे एवं खुलने की तिथी **22.02.2024** समय **16.00** बजे। **113-CQ/24**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज), चौमूँ (जयपुर)**

क्रमांक-805-16 दिनांक-29.01.2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मंडी समिति में निम्नलिखित व्यवस्थायें/ कार्य करवाने हेतु ठेके देने के लिये इच्छुक निविदाता फर्मो/व्यक्तियों से दिनांक 09.02.2024 को प्रातः 11.30 बजे तक निर्धारित निविदा प्रपत्र में बन्द लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य/व्यवस्था का नाम | ठेके की अवधि | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | किसान कलेवा योजना के संचालन हेतु | एक वर्ष | 200 |

प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं (यदि कोई उपस्थित हो) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा से सम्बन्धित अन्य विस्तृत विवरण निविदा शर्तें व जानकारी https://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://Agriculture.rajasthan.gov.in/mandi/ पर तथा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन की जा सकती है।

सचिव प्रशासक

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, "विशिष्ठ श्रेणी" {अनाज}**

**मुख्यालय सूरजपोल मण्डी, जयपुर**

Phone No. : 0141-2640749 E-mail : kums.jaipurgr@rajasthan.gov.in

क्रमांक– 2880–90 दिनांक– 23.01.2024

**विज्ञप्ति**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) जयपुर के मुख्य मण्डी प्रांगण सूरजपोल में निर्मित बैंक भवन जिसका कुल एरिया 351.45 वर्गमीटर को बैंक संचालन कार्य उपयोग हेतु 99 वर्षीय लीज पर आवंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। बैंकों को प्रयोजन हेतु शर्ते आवेदन पत्र में अंकित है। आवेदन के साथ निर्धारित धरोहर राशि 1.00 लाख का कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) जयपुर के नाम बैंक ड्राफ्ट लगाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र 500/–रूपयें जमा कराकर दिनांक 29.01.2024 से 29.02.2024 तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

निर्मित बैंक भवन के संबंध में जारी विज्ञप्ति एवं अन्य जानकारी मण्डी समिति कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में एवं विभागीय वेबसाईट http://agriculture.rajastha..gov.in/mandi पर भी देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/23/12375 सचिव

**कार्यालय उपायुक्त पशु प्रबंधन**

**नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**

(हवामहल के पीछे,माणक चौक, बड़ी चौपड जयपुर)

क्रमांक : 1092 एफ-( )उपा.पशु.प्र.हैरि.(सा.प्र)/.न.नि.ज.है/24/1092 दिनांक :- 29/01/2024

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम जयपुर हैरिटेज में पशु पालने के लिए "आवासीय परिसर में पशु रखने हेतु लाईसेंस उपनियम 2023" राज्य सरकार के गजट नोटिफिकेशन द्वारा दिनांक 26.07.2023 से लागू किये गये है। इस उपनियम 2023 के अनुसार

1. निगम क्षेत्र हैरिटेज में पशु (गाय, भैस, बैल, ऊट, घोड़ा एवं गधा) का लाईसेंस बनवाया जाना आवश्यक है इस हेतु पशु पालक के पास प्रति पशु 100 वर्गगज भूखण्ड होना आवश्यक है। जहाँ वह एक पशु को लाईसेंस के साथ रख सकता है।
2. नियम व शर्ते नहीं मानने पर या उल्लंघन करने पर लाईसेंस रद्द किया जा सकता है एवं पशु को जब्त किया जा सकता है।
3. लाईसेंस जारी करने की शर्तों में पशु को निगम क्षेत्र में खुला नहीं छोड़ना, सरकारी सम्पत्ति पर पशु नहीं बांधना, रोड़ पर गंदगी नहीं फैलाना इत्यादि शामिल है।
4. इस नियम से सम्बन्धित अधिक जानकारी हेतु एवं लाईसेंस की प्रक्रिया के लिए कार्यालय समय में मुख्यालय स्थित पशु प्रबंधन शाखा के कमरा नं. 107 में सम्पर्क किया जा सकता है।
5. निगम क्षेत्र के पशुपालकों से आग्रह है कि अपने पालतू पशुओं को इस नियम के अन्तर्गत 15 दिन में शीघ्र पंजीकरण करवायें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

आयुक्त नगर निगम हैरिटेज जयपुर

राज.संवाद/सी/23/12400


**कार्यालय अधीक्षक राजकीय शिशु गृह, बाल अधिकारिता विभाग, गांधी नगर, जयपुर, फोन नं. 0141-2706480**

| क्र. सं. | संस्था द्वारा दिया गया नाम | लिंग | आयु | प्राप्ति का स्थान | प्रवेश माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शिवाय  | M | 29.12.2023 | बी.डी.एम.चिकित्सालय कोटपूतली के पालना गृह से प्राप्त | बाल कल्याण समिति, जयपुर |
| 2 | चिराग  | M | 01.01.2024 | जयपुरिया अस्पताल के जयपुर के पालना गृह से प्राप्त | बाल कल्याण समिति, जयपुर |
| 3 | दिया  | F | 10.11.2023 | पूलिस थाना जवाहर जयपुर द्वारा प्राप्त | बाल कल्याण समिति, जयपुर |
| 4 | शिमला  | F | 10.06.2023 | चाईल्ड लाईन आई इण्डिया जयपुर द्वारा प्राप्त | बाल कल्याण समिति, जयपुर |

नोटः- उक्त बालक/बालिका का पुनर्वास किया जाना है किसी संस्था या व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो 20 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता से कार्यालय में सम्पर्क करें।

अधीक्षक
राजकीय शिशु गृह, बाल अधिकारिता विभाग
गांधी नगर, जयपुर

राजस्थान संवाद



*केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में एक वर्ष बाद पैंथर का मूवमैंट दिखाई दिया।*

# ई.आर.सी.पी. की जानकारी पहले सदन में नहीं देने पर कांग्रेस ने हंगामा किया

■ **आधा घंटा विधानसभा की कार्यवाही स्थगित हुई। अध्यक्ष देवनानी ने कल आधे घंटे की चर्चा कराने की घोषणा की।**

जयपुर, 29 जनवरी (वि.सं.)। ई.आर.सी.पी. पर एम.ओ.यू. के मामले में सरकार से जवाब की मांग करते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा और नारेबाजी की। ई.आर.सी.पी. के मुद्दे पर पहले सरकार ने सदन को जानकारी नहीं दी। कांग्रेस ने इसी पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया। इसके बाद स्पीकर को 1 बजकर 4 मिनट पर आधे घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। भाजपा विधायक जसवंत यादव ने कहा डेढ़ माह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा फैसला करवा लाए।

आप लोग ताली तो बजा दो। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन को अवगत कराते हुए कहा कि मंगलवार को शून्यकाल में ई.आर.सी.पी. मुद्दे को लेकर आधे घंटे की चर्चा की जाएगी।

शून्यकाल की कार्यवाही खत्म होते ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने ई.आर.सी.पी. पर सदन के बाहर फैसला करने को लेकर मुद्दा उठाया। जूली ने कहा कि सदन चल रहा है, सदन के प्रति पूरे मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। ऐसे समय ई.आर.सी.पी. योजना का एम.ओ.यू. किया है, लेकिन सदन को अवगत नहीं करवाया गया। इस पर स्पीकर ने जब उन्हें आगे बोलने की अनुमति नहीं दी तो नाराज कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी।

कांग्रेस नेताओं का कहना था कि, यह परम्परा रही है कि विधानसभा सत्र चल रहा हो तो कोई भी बड़े फैसला करने पर सबसे पहले उसकी सदन में जानकारी दी जाती है। सदन से पहले बाहर उसकी जानकारी नहीं दी जाती है। ई.आर.सी.पी. के मुद्दे पर पहले सरकार ने सदन को जानकारी नहीं दी। कांग्रेस ने इसी पर सवाल उठाते हुए हंगामा किया।

सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद शुरू हुआ। भाजपा विधायक जसवंत यादव ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को लेकर कहा कि आपको कम उम्र में नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप बार-बार वैल में आ जाए। यहां सब रिकॉर्ड होता है। ऐसे ही करते रहोगे तो थोड़े दिनों में नौटंकी का मैसेज चला जाएगा।

## ई.डी.: लालू से 10 घंटे पूछताछ, कल तेजस्वी आयेंगे

पटना, 29 जनवरी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन मामले में करीब दस घंटे पूछताछ की।

ईडी के समन के बाद लालू यादव पूर्वाह्न 11 बजे पटना स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ उनकी बड़ी बेटी और राजद की राज्यसभा सदस्य मीसा भारती भी थीं, लेकिन उन्हें ईडी कार्यालय परिसर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। वह ईडी कार्यालय के बाहर ही डटी रहीं। लालू यादव करीब 9 बजे पूछताछ खत्म होने के बाद ईडी कार्यालय से बाहर निकले तब उनके समर्थकों ने उनके पक्ष में खूब नारे लगाए।

■ **यह जांच 2004 से 2009 के बीच लालू यादव के रेल मंत्री काल में नौकरी के बदले जमीन मामले में चल रही है।**

इससे पहले भी जब ईडी कार्यालय में लालू प्रसाद यादव से पूछताछ हो रही थी, तब बाहर यादव के समर्थक उनके पक्ष में नारे लगा रहे थे। यादव की बेटी मीसा भारती ने नारे लगा रहे लोगों से शांत रहने की अपील भी की, लेकिन इसका बहुत ज्यादा असर लालू समर्थकों पर नहीं हुआ।

सूत्रों के अनुसार, ईडी ने लालू यादव से नौकरी के बदले जमीन घोटाले के मामले में करीब 50 सवाल पूछे, जिसमें से अधिकांश का जवाब यादव ने हां और ना में ही दिया। कल इसी मामले में लालू यादव के पुत्र और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से भी पूछताछ होनी है।

नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मामले की जांच ईडी कर रही है। आरोप के अनुसार, यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील सरकार के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

## केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में दिखा पैंथर

■ **एक साल पहले भी यहां काफी दिन पैंथर का मूवमैंट देखा गया था।**

भरतपुर, 29 जनवरी (निसं)। विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में करीब एक वर्ष बाद फिर से पैंथर का मूवमैंट दिखाई दिया है। पैंथर दिखने की सूचना पर वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। एक साल पहले भी केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में काफी दिनों तक पैंथर का मूवमैंट देखा गया था।

डी.एफ.ओ. मानस सिंह ने पार्क में लगे कैमरा ट्रैप में पैंथरों की तस्वीर कैद होने के बाद एल ब्लॉक में पैंथर के मूवमैंट की पुष्टि की है। मॉनिटरिंग के लिए कैमरों की संख्या बढ़ाई गई है। स्टाफ को गश्त बढ़ाने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। आस-पास के गांव के लोगों को भी पैंथर के मूवमैंट के बारे में निर्देश दिए गए हैं। स्टाफ एवं पर्यटकों को एल ब्लॉक में नहीं जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

अनुमान लगाया जा रहा है कि, बयाना के बंध बरैठा एवं करौली के नव क्षेत्र से भोजन की तलाश में एवं नई टैरिटरी बनाने की तलाश में पैंथरों का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में पंहुचना शुरू हुआ है।

## संसद में सर्वदलीय बैठक आज

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जनवरी। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने संसद के दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स की मंगलवार को संसद अधिवेशन की पूर्व संध्या पर बैठक आयोजित की है।

संसद सत्र 31 जनवरी से प्रारम्भ होकर 9 फरवरी तक चलेगा।

सर्वदलीय बैठक संसद लायब्रेरी भवन में 30 जनवरी को प्रात: 11:30 बजे होगी।

संसद सत्र 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरु होगा और सरकारी संसदीय कार्यों की आवश्यकता के अनुरुप 19 फरवरी को समाप्त हो सकता है। केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम केन्द्रीय बजट पेश करेंगी।

अप्रेल-मई में किसी समय होने वाले आम चुनाव से पहले संसद का यह अंतिम सत्र है।

## 'हमारी ममता बनर्जी से समझौते की भावना से बातचीत जारी है'

■ **कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने बिहार के नेतागण, अखिलेश प्रसाद सिंह, शकील खान तथा डॉ. मोहम्मद जावेद के साथ मीडिया से बात करते हुए कहा कि, नीतीश कुमार का प्रभाव एक राज्य (बिहार) तक सीमित है, पर इण्डिया गठबंधन सभी राज्यों में भाजपा के खिलाफ संघर्ष करेगा चुनाव में।**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 29 जनवरी। कांग्रेस महासचिव (कम्युनिकेशन्स) जयराम रमेश ने सोमवार को दावा किया कि, उनकी पार्टी की तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के साथ वार्ता जारी है तथा दोनों ही पार्टियाँ एक-दूसरे को सहयोग करने की नीति पर चलेंगी।

जयराम रमेश, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पश्चिम बंगाल से बिहार में प्रवेश करने के बाद अखिलेश प्रसाद सिंह, शकील खान और डॉ. मोहम्मद जावेद के साथ मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, नीतीश कुमार ने "इण्डिया" ग्रुप को त्याग दिया है, पर इसका प्रभाव केवल एक बिहार राज्य में है, जबकि अन्य राज्यों में सहयोगी दल भाजपा का मजबूती से मुकाबला कर रहे हैं।

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी की बदला लेने की राजनीति के तहत मोदी सरकार "इण्डिया" गठबंधन के नेताओं को तंग करने के लिए सी.बी.आई. और एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, गठबंधन अपनी लड़ाई जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि, झारखंड के मुख्यमंत्री को ये एजेंसियां बदले की भावना के तहत ही परेशान कर रही हैं।

उन्होंने चुनाव आयोग का भी उल्लेख करते हुए कहा कि, वे चार माह से गठबंधन से मुलाकात करने से इंकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, वे (खड़गे) मतदान में ई.वी.एम. के उपयोग का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे चाहते हैं कि, चुनाव परिणामों के लिये वी.वी.पी.ए.टी. काम में लिया लाये।

## सिमी पर प्रतिबंध 5 वर्ष बढ़ा

नयी दिल्ली, 29 जनवरी। सरकार ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध लगाते हुए उसे पांच वर्ष के लिए 'विधिविरुद्ध संगठन' घोषित कर दिया है।

गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि, (सिमी) को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत पांच साल की अवधि के लिए विधिविरूद्ध संगठन घोषित कर दिया है। सिमी पर इससे पहले पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी 2019 को लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि, सिमी, देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में लगा है जो देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक है।

सिमी और उसके सदस्यों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## डिस्कॉम का ए.ई.एन. 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

■ **विद्युत पोल लगाने का बिल पास करने के लिये यह रकम मांगी गयी थी।**

डूंगरपुर, 29 जनवरी (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई ने सोमवार को डूंगरपुर में कार्यवाही करते हुए, राजेन्द्र कुमार सांवरिया, सहायक अभियंता (प.व.स.) साबला, अजमेर डिस्कॉम, जिला डूंगरपुर, को परिवादी से 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (कार्यवाहक महानिदेशक) ने बताया कि, ब्यूरो की उदयपुर इकाई को परिवादी ने शिकायत की थी कि, उसकी फर्म ने जीएसएस साबला क्षेत्र में विद्युत पोल लगाने के जो कार्य किए थे उनके बिल पास करने की एवज में राजेन्द्र कुमार सांवरिया, सहायक अभियंता (प.व.स.) साबला, अजमेर डिस्कॉम, जिला डूंगरपुर, 85 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा है। जिस पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस, राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविज़न में ब्यूरो की उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रमसिंह राठौड़ के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन करके सोमवार को पुलिस निरीक्षक डॉ.सोनू शेखावत ने मय टीम डूंगरपुर में ट्रैप कार्यवाही करते हुये राजेन्द्र कुमार सांवरिया पुत्र परमानन्द सांवरिया को परिवादी से 50 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुये गिरफ्तार कर लिया है।

ब्यूरो के उप-महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है।

तथा इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## केन्द्र व राज्य ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पीसी भंडारी ने अदालत को बताया कि श्रीगणपति ट्यूबवेल और श्रीश्याम कृपा ट्यूबवेल कम्पनी ने भारत सरकार के उपक्रम इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र पेश कर जल जीवन मिशन में करीब 900 करोड रुपए के टेंडर का भुगतान ले लिया। बाद में प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इस पर इसकी जानकारी राज्य सरकार को दी गई, लेकिन राज्य सरकार ने मामले में कोई भी प्रभावी कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता संस्था की ओर से पुलिस और एसीबी को कई बार लिखित में शिकायत कर कार्रवाई का आग्रह किया, लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिए समय मांगा गया। अदालत ने 3 सप्ताह का समय देते हुए जवाब पेश करने को कहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जिंदा बम के आरोपी सरवर की जमानत बरकरार रखी

■ **राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा दी गयी जमानत के खिलाफ राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एस.एल.पी. दायर की थी, जिसे सुनवायी के बाद खारिज कर दिया गया।**

जयपुर, 29 जनवरी (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने 13 मई, 2008 को शहर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के बीच जिंदा बम मिलने से जुडे मामले में आरोपी सरवर आजमी को मिली जमानत को बरकरार रखा है।

इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने यह आदेश राज्य सरकार की एसएलपी पर दिए।

राज्य सरकार ने एसएलपी में हाईकोर्ट के अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने आरोपी को इस आधार पर जिंदा बम मामले में जमानत दी थी कि वह जयपुर बम ब्लास्ट के मुख्य मामले में दोषमुक्त हो चुका है। जबकि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी के जरिए चुनौती दे रखी है और यह याचिका अभी लंबित चल रही है। जिंदा बम मामले में भी सरवर आजमी प्रथम दृष्टया आरोपी है और इस केस की ट्रायल चल रही है। इसके अलावा आरोपी सरवर आजमी देशभर में अन्य जगहों पर हुए बम ब्लास्ट केस में भी आरोपी है। इसलिए आरोपी को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आदेश पर रोक लगाते हुए उसे रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने हाईकोर्ट के आदेश में दखल से इनकार करते हुए एसएलपी खारिज कर दी। दरअसल हाईकोर्ट में आरोपी सरवर आजमी की ओर से कहा था कि वह जयपुर बम ब्लास्ट केस में दोषमुक्त हो चुका है। जिंदा बम मामले की ट्रायल चल रही है। वह 2009 से ही जेल में बंद है तथा बम धमाके व जिंदा बम के ज्यादातर गवाह व दस्तावेज भी समान हैं। ऐसे में उसे भी जमानत दी जाए।

## हेमन्त सोरेन 31 को ई.डी. को जानकारी देंगे

■ **झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव ने कहा कि, ई.डी. ने 31 तक जानकारी मांगी थी तथा वह उन्हें उपलब्ध करा दी जायेगी।**

रांची, 29 जनवरी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि, 31 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में होंगे और जिन जरूरी जानकारियों की आस में ईडी है, उसे उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे।

भट्टाचार्य ने आज यहां हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि, 20 जनवरी को ईडी के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम कुछ जानकारियों के लिए मुख्यमंत्री आवास आयी थी। 17-18 सवाल मुख्यमंत्री से किए थे। तथाकथित विसंगतियों की ओर इशारा करते वे जानकारी मांग रहे थे।

हालांकि पूर्व में जो समन उन्हें जारी किया था, उसमें पी.एम.एल.ए. की धारा 50 के तहत यह नहीं आता। बड़गाईं जमीन के बारे में पूछा। इसका पता पूर्व में लगाया था तो यह बात सामने आयी थी कि यह तो भुईंहरी प्रवृत्ति की जमीन है, जिसकी खरीद बिक्री संभव नहीं। इस पूछताछ के बाद भी मुख्यमंत्री को 31 जनवरी तक कुछ बिंदुओं पर जानकारी के लिए ईडी की ओर से कहा गया। इसमें दिक्कत नहीं है। जो भी जानकारी चाहिये, दी जायेगी।

भट्टाचार्य के मुताबिक अभी मुख्यमंत्री निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे वापस लौटेंगे जरूर। पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री ने 31 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास में ईडी को एक बजे आने और जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है।

भट्टाचार्य ने कहा कि, चुनाव आयोग के पास लोक प्रतिनिधियों से संबंधित सारी जानकारियां रहती हैं। पर ईडी उसे आधार नहीं बना रही।

उन्होंने कहा कि, सोहराय भवन, रांची के अलावा 2018-2022 की अवधि में हुए ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड भी मांगा गया था। यह भवन मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के नाम पर है। जब कहीं से कोई चीज नहीं बनी तो राजनीतिक इशारे पर मुख्यमंत्री को परेशान करने का खेल चल रहा। सब जानते हैं कि मुख्यमंत्री का प्रोग्राम कुछ जरूरी असाइनमेंट को छोड़ 1-3 माह तक का पूर्व से तय रहता है। भट्टाचार्य कहा कि, नौ फरवरी से वित्तीय वर्ष 2024-25 का विधानसभा का बजट सत्र तय है। अभी ऐसे में ईडी के स्तर से पूछताछ के लिए इस तरह से किया जाना गैर वाजिब है। दूसरा संवैधानिक प्रक्रियाओं के निर्वहन में भी इससे सरकार को दिक्कत होती है।

## नीतीश प्रकरण पर राहुल की चुप्पी

■ **पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पूरे देश में जाति जनगणना की मांग की है।**

किशनगंज, 29 जनवरी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने पर चुप्पी साधे रखी वहीं उत्पीड़ित एवं वंचित लोगों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना कराने की मांग की।

गांधी ने अपनी "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" के दौरान बिहार के किशनगंज जिले में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना आवश्यक है और उत्पीड़ित एवं वंचित लोगों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए इसे जरूर कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि, उनकी पार्टी हमेशा शोषितों और वंचितों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रही है।

कांग्रेस नेता ने अपने संबोधन के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने और बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाने जैसे नाटकीय घटनाक्रम पर चुप्पी साधे रखी। उन्होंने कहा कि, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश में नफरत फैला रहे हैं, जिससे सामाजिक तनाव पैदा हो रहा है। वहीं, उनकी पार्टी समाज के सभी वर्गों के बीच प्रेम, भाईचारे और स्नेह बनाये रखने में दृढ़ता से विश्वास करती है।

## नीतीश की पांचवी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उम्मीदवार बताते हुए कहा कि, "यदि आप सभी विलय और अधिग्रहण के बावजूद, नौ बार, सी.ई.ओ. चुने जाते हैं तो आप "कॉर्पोरेट भारत" के सी.ई.ओ. के लिए एक आदर्श उम्मीदवार हैं।

एक अन्य "एक्स" उपयोगकर्ता ने, कुमार के शपथ ग्रहण समारोह के एक दृश्य के साथ लिखा कि, "वो शपथ क्यों पढ़ रहे हैं, अब तक तो उनको मुंह-जुबानी याद हो गयी होगी।"

कांग्रेस नेता, जयराम रमेश ने भी निशाना साधते हुए कहा कि, "शपथ लेने के बाद, नीतीश कुमार जी, अपना मफलर राजभवन में भूल गए थे और आधे रास्ते से जब वो राजभवन वापस पहुंचे मफलर लेने तो राज्यपाल भी हैरान हो गए कि, इस बार तो पंद्रह मिनट भी नहीं बीते हैं।"

नीतीश की एक तस्वीर का शीर्षक पल्टी पुत्र था, जो कि, प्राचीन शहर, पाटली पुत्र के नाम को बदल कर बनाया गया है।

अन्य संदेशों में उन्हें मज़ाक में, "बिहार के पूर्व और भावी मुख्यमंत्री" कहा गया है। एक "एक्स" उपयोगकर्ता ने कहा कि, "सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने सभी यू-टर्न संकेतों को हटाने और उनकी जगह नीतीश कुमार की तस्वीर लगाने की घोषणा की है।"

## 'यह कोई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तरह उल्लेख कैसे कर सकते हैं? क्या आप सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं? आप ने बस खड़े होकर उल्लेख कर दिया। हम लागत (कॉस्ट) लगाएंगे जो सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को देय होगी।"

वकील ने कहा कि वो दिल्ली हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करता है।

इस पर बैंच ने कहा, "तो क्या दिल्ली हाई कोर्ट में आप सिर्फ खड़े हो जाते हैं और याचिका का उल्लेख कर देते हैं।" अंततः कोर्ट ने वकील से कहा कि, वे किसी वरिष्ठ वकील से इस बात पर चर्चा करें कि, शीर्ष अदालत के समक्ष मामलों का उल्लेख कैसे किया जाता है।

## अंतरिम बजट अधिकतर सरकार की आमदनी...

■ **जैसा कि, ए.आई. विशेषज्ञ कह रहे हैं, अब ए.आई. का विकास "प्राइवेट पार्टिसिपेशन" पर निर्भर करेगा, अतः स्टार्टअप को भारी प्रोत्साहन देना होगा। जैसा कि, अब तक का अनुभव है, "स्टार्टअप" काफी बड़ी संख्या में फेल होते हैं। इस फेलियर को "एब्ज़ॉर्ब" करने के लिये बड़ी रकम चाहिये सरकार को।**

■ **साथ ही, जैसा कि कोविड की महामारी ने सिखा दिया, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इन महामारियों का दौर हर दो-तीन साल में आएगा। इन माहमारियों से जूझने के लिये रकम चाहिये, जिसका प्रावधान बजट में रखना होगा।**

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

था। ये उनके पीड़ा भरे बजट भाषणों में स्पष्ट रूप से प्रतिबिम्बित होता था।

सौभाग्य से, वर्ष 1992-93 में आर्थिक सुधारों की शुरुआत और उसके बाद के बजट, देश की महत्वाकांक्षाओं का कथन बन गए हैं। पूर्व वित्त सचिव और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर, बिमल जालान ने एक बार कहा था कि, "अब हम बड़े लक्ष्य रख सकते हैं।"

आम चुनावों को देखते हुए, बजट का सबसे महत्वपूर्ण अंश किसान के मन को जीतना होगा। किसान-वर्ग और उनकी सहानुभूति, आम चुनावों में बहुत महत्व रखती है। देश की कृषि अर्थव्यवस्था की बुनियादी बातों में सुधार करने के सरकारी प्रयासों का प्रतिकूल परिणाम रहा था। किसान वर्ग को वर्तमान मंडी व्यवस्था में बदलाव और अधिक प्रतिस्पर्धी बाजार संरचना पसंद नहीं आई। अन्ततः सुधारों को वापस लेना पड़ा। किसानों का विश्वास कैसे जीता जाये और इसके लिए कुछ किसानों की पसन्द की योजनायें बनाने में वित्त मंत्री की असली परीक्षा होगी।

जो भी वर्तमान विश्व को समझता है वह "ऑटिफिशियल इन्टेलीजैन्स" के विचार से बच नहीं सकता। इसे लोग ए.आई. के नाम से अधिक जानते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने अमेरिकी दौरे के दौरान अति उत्साह में, इसकी व्याख्या अमेरिका और भारत के मध्य सहयोग के रूप में की थी। लेकिन ए.आई. अब इससे कही अधिक बड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद इस क्षेत्र में भारत-अमेरिका सहयोग कुछ पिछड़ सा गया है।

यह हमें संबंधित क्षेत्र में ले जाता है, "स्टार्टअप्स" को बढ़ावा देना। यह वस्तुतः आर्थिक रोमांस की कहानियां ही हैं जिसमें रचनात्मक युवाओं (पुरुषों एवं महिलाओं) के छोटे समूहों द्वारा व्यवसाय और उत्पादों में नवीन प्रयास किए जा रहे हैं। यह व्यवसाय के लिए नई रूपरेखा देने वाले व्यक्ति या सहयोगियों की बौद्धिक पूंजी है।

भारतीय बजट को "स्टार्ट अप्स" को विकसित करने के लिए, आवश्यक इको-सिस्टम प्रदान करना होगा। इन स्टार्ट अप के लिए, आसान फंड आसान नियम और मंजूरी व्यवस्था तथा व्यवसाय करने के लिए लचीले ढाँचे की आवश्यकता होगी। वास्तविक आय निर्धारण के लिए, कर लाभ प्रदान करना और स्टार्टअप अनुकूल कर ढाँचा, समय की आवश्यकता है। यथार्थ में, कुल मुट्ठी भर ही स्टार्टअप ही सफल होंगे और चलते रहेंगे। असफल स्टार्टअप के परिसमापन के लिए एक बहुत समझदार और आरामदायक रूपरेखा की आवश्यकता होगी।

महामारी ने हमें दर्दनाक सबक सिखाया है और हमें अगली संभावित महामारी का सामना, सफलता से कर सकने के लिए तैयार रहने की पहल करनी चाहिए। "हैल्थ केयर सिस्टम" को प्राथमिकता एवं निवेश मिलना चाहिए। निजी पहल हुई हैं, लेकिन सरकार ढाँचे कमज़ोर और अपर्याप्त हैं। इनमें बड़े निवेश की आवश्यकता है। आगामी बजटों में भारत के बुनियादी स्वास्थ्य ढाँचे को विकसित करने का प्रयास होना चाहिए।

भारतीय बजट में इन समस्याओं के उपायों का प्रावधान होना चाहिए। बेशक, इसमें धन लगेगा लेकिन अब हम स्वास्थ्य में अधिक निवेश वहन कर सकते हैं।

निःसंदेह, वृहद आर्थिक और राजकोषीय स्थिति सुखद है। औसत अप्रत्यक्ष कर संग्रह, मुख्यतः जी.एस.टी., अतीत की विकट भविष्यवाणियों से कहीं अधिक है। वर्तमान में यह डेढ़ लाख करोड़ प्रतिमाह से अधिक है। प्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल है जो औद्योगिक और सेवा अर्थव्यवस्था में वृद्धि दर्शाता है। राजकोषीय घाटा, सीमा में रहने की संभावना है।

## कोटा में एक और छात्रा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सूचना पर बोरखेड़ा थाना पुलिस एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में पहुंची। वहां पुलिस ने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। बोरखेड़ा थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि घटना सोमवार सुबह की है। मृतका 18 वर्षीय छात्रा निहारिका सिंह है। परिजनों के अनुसार वह जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन की तैयारी कर रही थी। वह कई दिनों से तनाव में थी। एएसआई उदय सिंह का कहना है कि परिजनों से भी जानकारी जुटा रहे हैं। हालांकि, बाद में पुलिस को एक नोट मिला जिसमें कारणों का जिक्र किया गया है।

फिलहाल पुलिस इस संबंध में गहन पड़ताल कर रही है। मृतका के चचेरे भाई विक्रम सिंह का कहना है कि निहारिका ऑनलाइन कोचिंग कर रही थी। बीते साल भी उसने 12वीं की परीक्षा दी थी जिसमें कम प्रतिशत से पास हुई थी। इसीलिए वह दोबारा 12वीं की तैयारी कर रही थी और इसी के साथ जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम की भी तैयारी कर रही थी।

उसका जेईई मेन का पेपर 30 या 31 जनवरी को था। इसी को लेकर वह लगातार तनाव में रहती थी। वह करीब 6 से 7 घंटे पढ़ाई कर रही थी। मूलतः उसका परिवार झालावाड़ जिले के अकावद गांव निवासी है जबकि कोटा में उनका खुद का मकान है। पिता विजय सिंह बैंक में सिक्योरिटी गनमैन है। निहारिका तीन बहिनों में सबसे बड़ी थी। पढ़ाई में भी अच्छी थी।

## डॉ. मनमोहन...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

होंगे। पचास राज्यसभा सदस्य 2 मार्च को तथा 6 सदस्य 3 मार्च को रिटायर होंगे।

दिल्ली के 3 राज्यसभा सदस्य पहले ही चुने जा चुके हैं, सभी तीन सीटें केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को गईं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908